तापमान

अधिकतम 27.1 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025


## सर्वर व नेटवर्क की भी दिक्कत

*एक अन्य दिक्कत और सर्वर और नेटवर्क की हो रही है। दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं होने के कारण शिक्षक किताबें लेकर ऊंची जगहों और पेड़ पर चढ़ रहे हैं ताकि किसी तरह किताबें स्कैन कर सकें। शिक्षकों का कहना है, अपना अध्ययन-अध्यापन का कार्य करना छोड़कर हम पुस्तक स्कैनिंग करने में लगे हुए हैं, फिर भी लाख प्रयास करने के बाद भी सर्वर जाम की समस्या के चलते दिनभर में कुछ ही पुस्तकें स्कैन हो पा रही हैं। शिक्षक संवर्ग शाला प्रवेश संबंधी कार्य नियमित रूप से समय सारणी अनुसार अध्यापन कार्य एवं अन्य विद्यालयीन कार्य को करने में भी कठिनाई महसूस कर रहे हैं।*

## घर ले जाकर स्कैनिंग का दबाव

*अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने जिलों को टॉप पर पहुंचाने की उनकी महत्वाकांक्षा के कारण मौखिक रूप से शिक्षकों को पुस्तकों को घर ले जाकर की स्कैनिंग करने का दबाव भी बना रहे हैं। इसके कारण से शिक्षक मानसिक रूप से भी परेशान हैं।*

*- संजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक संघ*

# पेड़ पर चढ़कर बारकोड स्कैन कर रहे शिक्षक, सामने किताबों का बंडल, लेकिन पढ़ने की जगह निहार रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गड़बड़ी रोकने के लिए बनाई गई पाठ्य पुस्तक निगम की नई व्यवस्था शिक्षकों के लिए मुसीबत का नया कारण बन गई है। दरअसल, पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की किताबों पर बारकोड लगाए गए हैं। ये बारकोड इसलिए लगाए गए हैं, ताकि किताबों को ट्रैक किया जा सके। छात्रों को किताबें पहुंची हैं अथवा नहीं, इसकी निगरानी इस बारकोड के माध्यम से की जाएगी। स्कूलों को बगैर बारकोड स्कैन किए किताबें वितरित किए जाने पर बैन लगा दिया गया है। इसके कारण शिक्षकों को परेशानी हो रही है। किताबों में दिए गए बारकोड स्कैन नहीं होने की शिकायत शिक्षकों द्वारा की गई है, लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था परिवर्तन नहीं किया गया।

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पखवाड़े भर हालात ये हैं कि सामने किताबों के बंडल पड़े हुए हैं, लेकिन शिक्षक इसे वितरित ही नहीं कर पा रहे हैं। जो किताबें स्कैन हो सकी और जिनका वितरण किया गया, उसके माध्यम से ही पूरी कक्षा को पढ़ाया जा रहा है। सामने किताबों के बंडल देखकर छात्र उन्हें निहार रहे हैं और शिक्षकों से पूछ रहे हैं कि उन्हें किताबें क्यों नहीं मिल रही हैं? शिक्षक भी इन मासूम सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

## गड़बड़ी रोकने पापुनि ने किताबों में दिए हैं बारकोड, ये ही नहीं हो रहे स्कैन





### बनाया गया है ऐप

किताब वितरण के संदर्भ में दिए गए दिशा-निर्देश के मुताबिक, बिना स्कैनिंग के पुस्तक वितरण नहीं करना है। पुस्तक वितरण के पूर्व बारकोड एवं आईएसबीएन कोड को शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से स्कैन करना होगा। इसके लिए टीबीसी ऐप भी बनाया गया है। अत्यधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों में पुस्तक स्कैनिंग करने का कार्य पहाड़ चढ़ने जैसा साबित हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, बारकोड की छपाई सही तरीके से नहीं होने के कारण उन्हें स्कैन नहीं किया जा सक रहा है। बहुत सारे पुस्तकों में बारकोड एवं आईबीएन कोड नहीं होने के कारण भी पुस्तकें स्कैनिंग नहीं हो पा रही हैं। बगैर बारकोड वाली किताबों का क्या करें, इसे लेकर भी दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### दो उप जेल अधीक्षक सहित 47 कर्मियों का ट्रांसफर

**रायपुर।** जेल प्रशासन विभाग ने केंद्रीय उप जेल जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा के उप जेल अधीक्षक सहित 47 कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें प्रहरियों के अलावा वाहन चालक भी शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार उप जेल अधीक्षक जगदलपुर अलोइस कुजूर को जिला जेल दंतेवाड़ा, जीएस शोरी उप जेल अधीक्षक दंतेवाड़ा को स्वयं के व्यय पर रायगढ़ में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा अन्य जेल कर्मियों में विभिन्न जिलों के जेल प्रहरी के अलावा वाहन चालक शामिल है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, केस दर्ज

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक बदमाश के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 29 जून की शाम 6 बजे सरोना शराब दुकान के पास की है। प्रार्थी जैकी महानंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पवन बंजारे और उसके साथी सन्नी ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उसने मना कर दिया तो इस बात पर दोनों ने गाली-गलौच कर हाथ और हाथ कड़े से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध 119-1, 296, 351-3, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### ट्रक की ठोकर से अज्ञात युवक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने सड़क हादसे में अज्ञात एक युवक की मौत के मामले में ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 28 जून की रात करीब 10 बजे झाबक पेट्रोल पंप के पास की है। इस घटना में ट्रक चालक ने एक युवक, उम्र 30-35 वर्ष के करीब है, को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने जांच कर अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार सवार ने एक्टिवा को ठोका, चालक से मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक कार चालक के विरुद्ध एक्सीडेंट करने के बाद मारपीट करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 30 जून को सुबह साढ़े 8 बजे कुंदरापारा की है। प्रार्थी अमित कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय अपनी स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी-04-एवाय-6111 ने उसे ठोकर मार दी, जिससे वह गिर गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। उसने जब कार चालक को इसका जिम्मेदार बताया तो इस बात पर कार चालक एवं उसमें सवार अन्य एक व्यक्ति ने एक राय होकर उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान कार चालक ने उस पर राड से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया युवक

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने चाकू लेकर घूमते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय लिलहरे को पुलिस ने 30 जून को सुबह 11 बजे शीतलापारा रामनगर के पास चाकू लेकर घूमते पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### चावल उत्सव के तहत उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का एक साथ वितरण किया जा रहा चावल

# चावल ने निकाला पसीना, सात दिन समय बढ़ाया गया, बीपीएल मिला, एपीएल गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य सरकार चावल उत्सव का सोमवार को आखिरी दिन था, लेकिन चावल उपभोक्ताओं तक पहुंच ही नहीं सका, खासकर एपीएल कार्डधारियों का चावल सोसाइटियों से गायब हैं। बीपीएल को चावल तो दिया जा रहा है, लेकिन उनको भी काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। यही वजह है कि प्रशासन ने चावल वितरण के लिए सात दिन का समय और दिया है यानी 7 जुलाई तक चावल दिया जाएगा।

चावल उत्सव के तहत प्रदेश के सभी जिलों में उचित मूल्य की दुकानों में तीन महीने का चावल एक साथ वितरण कर रही है। चावल वितरण की तारीख का सोमवार को अंतिम दिन था। विभाग का दावा है कि अभी तक प्रदेशभर में 90 प्रतिशत कार्ड धारकों को चावल बांटा जा सका है, वहीं 10 प्रतिशत यानी लगभग 8 लाख कार्ड धारकों को चावल मिल नहीं पाया है। इन बचे हुए धारकों को चिंता सताने लगी थी कि उन्हें अब तीन माह का चावल मिल पाएगा या नहीं। इसीलिए सरकार ने छूटे हुए धारकों को राहत देते हुए चावल वितरण की तारीख 7 दिन बढ़ा दी है। बचे धारक अब 7 जुलाई तक उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का एक साथ चावल ले सकेंगे। इसके उलट धरातल में स्थिति विकट है। सोसाइटियों में चावल मिल ही नहीं रहा। शहर की कई सोसाइटियों में नो स्टॉक का बोर्ड लगा दिया गया है। बीपीएल को थोड़ी राहत है, पर एपीएल का चावल तकरीबन गायब है।




### एपीएल चावल का टोटा, बीपीएल का स्टॉक भी खत्म

इधर एक ओर जहां विभाग 90 प्रतिशत बीपीएल और लगभग 60 प्रतिशत एपीएल धारकों को चावल वितरित करने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर राशन दुकानों में कहीं एपीएल और कहीं बीपीएल चावल का टोटा है। ज्यादातर दुकानों में एपीएल कोटे का चावल का भंडारण ही नहीं किया गया है, जिसके कारण एपीएल कार्ड धारकों को दुकानों से बैरंग लौटना पड़ रहा है। यह स्थिति आज भी अनेकों दुकानों में रही, वहीं दूसरी ओर कई दुकानों में बीपीएल कोटे का चावल भी खत्म हो गया है। दुकान संचालकों द्वारा वाट्सप ग्रुप के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम और खाद्य विभाग ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जून, जुलाई और अगस्त का चावल वितरण किया जा रहा

बारिश के सीजन में कार्ड धारकों को उचित मूल्य की दुकानों में राशन ले जाने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए शासन ने चावल उत्सव के रूप में तीन महीने जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एक साथ धारकों को वितरित करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत धारकों को 1 से 30 जून तक चावल वितरित किया जाना था, लेकिन राशन ▶▶| शेष पेज 13 पर



### राशन दुकानों में दिनभर लगी रही भीड़

तीन माह का एक साथ चावल वितरण की अंतिम तारीख को देखते हुए सोमवार को उचित मूल्य की सभी दुकानों में हितग्राहियों की सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी रही। एक दिन पहले तक दुकान संचालक एवं हितग्राही यही मानकर बैठे थे कि 30 जून के बाद चावल वितरण ▶▶| शेष पेज 13 पर

### ई-केवाईसी की तारीख नहीं बढ़ी, नाम हटेंगे या ब्लॉक होंगे!

*वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है। प्रदेशभर में 28 जून की स्थिति में 30 लाख से ज्यादा सदस्यों ने ई-केवाइसी नहीं कराया था, वहीं 30 जून को इसकी अंतिम तारीख थी। बताया जा रहा है कि दो दिन में प्रदेशभर में बचे हुए सदस्यों में 10 प्रतिशत से भी कम सदस्यों ने ईकेवाइसी कराया हैं। इस तरह अभी भी 29 लाख से ज्यादा सदस्यों का केवाइसी नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों की मानें तो जिन सदस्यों का केवाइसी नहीं हुआ हैं। इनके नाम ऑनलाइन सिस्टम में ब्लॉक हो जाएंगे, जिससे उन्हें उनके कोटे का राशन मिलना भी बंद हो जाएगा। हालांकि विभाग के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि 30 जून के बाद केवाइसी कराने की तारीख बढ़ाने संबंधी कोई आदेश नहीं आया है, लेकिन केवाइसी नहीं कराने वालों के नाम ब्लॉक होंगे या हटाए जाएंगे। इस संबंध में अभी कोई आदेश या सूचना नहीं मिली है।*

### रात में वाहनों की जांच

# ड्रंक एंड ड्राइव मामले में 10 वाहन चालकों पर कार्रवाई सभी के लाइसेंस होंगे निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। इसके तहत रविवार रात में शहर के वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर के सामने, फुंडहर चौक एवं तेलीबांधा थाना चौक पर चेक पाइंट लगाकर वाहन चालकों की जांच की। इस दौरान 10 वाहन चालकों को नशे में ड्राइविंग करते पाया गया। इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ड्रंक एंड ड्राइव का प्रकरण बनाया गया ▶▶| शेष पेज 13 पर

### इन वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

सीजी04एमडब्ल्यू3483 सन्नी साहू निवासी बिरगांव, सीजी04क्यूजी2220 सतीश राठौर 29 वर्ष निवासी अमलीडीह, सीजी04एचएम3282 सागर अग्रवाल 31 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती, सीजी 04 सीएच 8882 अभिषेक दास 28 वर्ष निवासी बिरगांव, सीजी07बीपी3462 रितेश देशमुख 35 ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 6 माह में ड्रंक एंड ड्राइव के 860 वाहन चालकों पर कार्रवाई

पुलिस प्रशासन नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत पिछले 6 माह के दौरान 860 वाहन चालकों को नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया है। इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई कर उनके वाहन को जब्ती बनाकर प्रकरण कोर्ट में भेजा है। इन प्रकरणों पर कोर्ट ने भी वाहन चालकों को 10 हजार से लेकर 15 हजार रुपए तक अर्थदंड से दंडित किया है। इन प्रकरणों में वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

# आंबेडकर अस्पताल में आधी रात हंगामा, युवकों और डाक्टरों के बीच मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **इमरजेंसी विभाग में हुई घटना, डाक्टरों ने थाने में की शिकायत, दो घंटे विरोध जताया**

लचर व्यवस्था के आरोपों से घिरे आंबेडकर अस्पताल में आधी रात हंगामा हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल छोड़ने पहुंचे युवकों और इमरजेंसी ड्यूटी के डाक्टरों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि युवकों के हमले से एक डाक्टर का हाथ फ्रैक्चर हो गया, वहीं दूसरे के सिर और सीने पर चोट आई है। युवकों का आरोप है कि डाक्टरों ने उनका गला दबाने का प्रयास किया। जख्मी हुए डाक्टरों ने मौदहापारा थाने में इसकी शिकायत की और जूडा के नेतृत्व में दो घंटे विरोध भी जताया।

जानकारी के अनुसार अशोक नगर गुढ़ियारी में रहने वाले कुछ युवक एक घायल को इलाज के लिए रात लगभग दो बजे आंबेडकर अस्पताल पहुंचे थे। बताया जाता है, युवक घायल को अस्पताल में छोड़कर जाना चाहते थे, इसे लेकर वहां ड्यूटी डाक्टरों के साथ उनकी बहस हो गई। तनातनी का माहौल ऐसा बन गया कि डाक्टरों और युवकों के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट की स्थिति बन गई। युवकों ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी ▶▶| शेष पेज 13 पर




### फिलहाल एफआईआर नहीं

*मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि जूनियर डाक्टरों के अलावा दूसरा पक्ष भी मारपीट की शिकायत लेकर थाने पहुंचा था। मामले में जांच जारी है, फिलहाल किसी पर एफआईआर नहीं की गई है।*

### हतोत्साहित करने वाली घटना

*जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की आवश्यकता है। लगातार होने वाली इस तरह की घटना डाक्टरों को हतोत्साहित करने वाली है, जिसका असर चिकित्सा सेवाओं पर भी पड़ता है। ऐसी घटनाएं अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों के उपचार में भी बाधा उत्पन्न करती है। इस घटना को लेकर जूडा काला रिबन और मास्क लगाकर अस्पतालों में होने वाली हिंसक घटनाओं की रोकथाम के उपाय पर मनन करेंगे।*

### प्यासे रह गए 22 जिले

# घने बादलों के बीच 22 फीसदी कम वर्षा के साथ बीता जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **शहर में सुबह-सुबह हल्की बारिश, दिनभर बूंदाबांदी भी नहीं हुई, आसार बने हुए**

मानसून आने के बाद लंबा ब्रेक, फिर छाए घने बादलों के बीच प्रदेश में जून का महीना 22 फीसदी कम बारिश के साथ बीत गया। दस जिले ही अपनी सामान्य स्थिति तक पहुंच पाए और 22 में बारिश का संकट बना रहा। रायपुर में भी सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई, इसके बाद दिनभर में बूंदाबांदी भी नहीं हुई। अनुमान यह है कि अगले तीन चार दिनों तक हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

पिछले चौबीस घंटे में मानसून की सक्रियता बालोद, बस्तर और बीजापुर जिले में रही। यहां 70 से लेकर 100 मिमी. तक बारिश हुई और शेष 70 शहरों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सोमवार को प्रदेश के मध्य हिस्से में बारिश की संभावना थी, जिसका बेहद मामूली असर ही होकर रह गया। रायपुर में सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सेमी. के करीब वर्षा हुई, मगर इसके बाद लोगों को केवल बादलों के साथ ही संतोष करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की संभावना अभी भी बनी हुई है और सक्रिय सिस्टम तीन से चार दिन तक अपना असर दिखा सकता है।



इधर मानसून प्रदेश में अपने जून का कोटा पूरा नहीं कर सका। जून के महीने में प्रदेश में 195 मिमी. बारिश होती है, जो 151 मिमी. में सिमटकर रह गयी। रायपुर में बादल 165 मिमी. की तुलना में 119 मिमी. ही बरस पाए। केवल बलरामपुर 293 और कोरिया 213 मिमी. की बारिश के साथ अपने कोटे से काफी के रिकार्ड के पार हो गया।

### पूर्वी तटीय रेलवे से सम्बलपुर स्टेशन में पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा

# पूर्वी तटीय रेलवे में जुलाई से अगस्त के बीच चलेगा काम, 10 ट्रेनों का रूट बदलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्वी तटीय रेलवे के संबलपुर स्टेशन में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कारण रेलवे ने इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी परिवर्तन किया है। रेलवे के अनुसार, प्रभावित ट्रेनें अब सरला जंक्शन और संबलपुर सिटी होते हुए संचालित की जाएंगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों में रायपुर से गुजरने वाली लोकमान्य तिलक टर्मिनस–पुरी एक्सप्रेस, जोधपुर एक्सप्रेस, और हीराकुंड एक्सप्रेस शामिल हैं। यात्री बुकिंग से पहले रेलवे की वेबसाइट या फिर पूछताछ केंद्र से ट्रेन की जानकारी प्राप्त करें।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेन

- 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26, 30 जुलाई 2025 एवं 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27, 30 अगस्त को 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 जुलाई 2025 एवं 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25, 28 अगस्त को 12880 भुवनेश्वर - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 03, 10, 17, 24, 31 जुलाई 2025 एवं 07, 14, 21, 28 अगस्त को12865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल – पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 01, 08, 15, 22, 29 जुलाई 05, 12, 19, 26 अगस्त को 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 06, 13, 20, 27 जुलाई एवं 03, 10, 17, 24, 31 अगस्त को लालगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 20471लालगढ़ - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 02, 09, 16, 23, 30 जुलाई एवं 06, 13, 20, 27 अगस्त को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी – लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 02, 09, 16, 23, 30 जुलाई 2025 एवं 06, 13, 20, 27 अगस्त 2025 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20813 पुरी – जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 05, 12, 19, 26 जुलाई 2025 एवं 02, 09, 16, 23, 30 अगस्त 2025 को जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 01, 04, 05, 08, 11, 12,15, 18, 19, 22, 25, 26, 29 जुलाई 2025 एवं 01,02, 05, 08, 09, 12, 15, 16, 19, 22, 23, 26, 29, 30 अगस्त को 20807 विशाखापत्तनम - अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 02, 05, 06, 09, 12, 13, 16, 19, 20, 23, 26, 27, 30 जुलाई 2025 एवं 02 , 03, 06, 09, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30, 31 अगस्त को अमृतसर से 20808 अमृतसर - विशाखापत्तनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।

# टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने सोमवार को दो आदतन बदमाशों का जुलूस निकाला। दोनों ने दो दिन पहले एक टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज कराई गई थी। इनमें एक आरोपी के खिलाफ मारपीट, बलवा एवं हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं, वहीं दूसरा युवक भी उसकी संगत में आकर अपराध करने लगा है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करने के बाद जुलूस निकाला।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राशिद खान ने बतया कि वह टैक्सी चालक है। 28 जून को रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने दोस्त रज्जब एवं अहसान के साथ कार से ▶▶| शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

# किसान, जवान, संविधान जनसभा की तैयारी, युवा एवं महिला कांग्रेस को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*राजधानी में 7 जुलाई को होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा की तैयारी के लिए कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक ली। युवा कांग्रेस एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक में एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा ऐतिहासिक होगी। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल संबोधित करेंगे। यह सभा देश के वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करने आयोजित की गयी है। सभा का उद्देश्य उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है।*

## पीसीसी अध्यक्ष बैज एवं पूर्व सीएम भूपेश हुए शामिल

### जनता की आवाज उठाएंगे : भूपेश



एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, इस सभा के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये जनता की आवाज उठायेंगे। हम इस देश के गरीबों की, किसानों की, जवानों की अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे, उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

### ये थे मौजूद

विधानसभा प्रभारियों की बैठक में राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेन्द्र शर्मा, आलोक चंद्राकर, विनोद तिवारी, देवेन्द्र सिंह, नीता लोधी, सुजीत बघेल, भुवनेश्वर बघेल, पंकज मिश्रा, आनंद पवार, सुनील कुकरेजा, युगल पाण्डेय, नीलम चंद्राकर, सतीश अग्रवाल, हितेन्द्र ठाकुर, अमित शर्मा (बंटी), पिंटू करें, अयुब खान, लालजी चंद्रवंशी, महेन्द्र गंगोत्री, लेखराम साहू, पूर्णचंद पाढ़ी, विपिन मिश्रा, तपन चंद्राकर, मो. इरफान खान, राजेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र पप्पू बंजारे उपस्थित थे।

## प्रत्येक जिले से आएंगे हजार कार्यकर्ता



रविवार को हुई एनएसयूआई की बैठक के बाद सोमवार को यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। 7 जुलाई को होने वाली कांग्रेस की आमसभा को लेकर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टास्क दिए गए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस की कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। किन विषयों पर कार्य करने की आवश्यकता है तथा किन चीजों में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा है, इसकी समीक्षा हुई। पंचायत और निगम के चुनाव में निर्वाचित होकर आने वाले यूथ कांग्रेस के सदस्यों को बैठक के दौरान सम्मानित भी किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, राष्ट्रीय महासचिव पूर्णचंद पढ़ी, दीपक मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री आदि उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, देश में सबसे मजबूत छत्तीसगढ़ की युवा कांग्रेस है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जुलाई बारिश का समय होता है, लेकिन बारिश आए या तूफान, हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष की आम सभा में हजारों की तादात में उपस्थित होना है।

## खबर संक्षेप



### मांडविया को छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री खेल, युवा, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मनसुख मांडविया एवं भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सासंद सुधांशु त्रिवेदी से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया तथा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विभिन्न राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।

### कांग्रेस ने संजीव को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

**रायपुर।** किसान, जवान और संविधान जनसभा को लेकर कांग्रेस ने संजीव शुक्ला को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने जारी आदेश में कहा है कि प्रदेश कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य आनुषांगिक संगठनों के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की होने वाली जनसभा का प्रसार-प्रचार करेंगे। वहीं चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

# सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक, मंत्री कश्यप हुए शामिल

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की एक मंथन बैठक आयोजित हुई। इसमें सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रगति की समीक्षा, विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया जायेगा। सहकारी क्षेत्र में मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना को लेकर विचार-विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप इस बैठक में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि यह बैठक भारत के सर्वांगीण विकास और उन्नति के लिये थी। इसमें सहकारिता के क्षेत्र में की जा रही पहलों और नवाचार पर चर्चा की गई। साथ ही भविष्य के योजनाओं पर विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन और विजन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सहकारी क्षेत्र में मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, त्रिभुवन



सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना को लेकर विचार-विमर्श होगा। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की वित्तीय मजबूती के लिए उठाए गए कदम जैसे सहकारी बैंकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए साझा सेवा इकाई की स्थापना और शहरी सहकारी बैंकों के संचालन के लिए एक संगठन बनाने पर मंथन किया गया है। सहिकारिता के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए साझा समझ और समन्वित रणनीति विकसित करने में मदद करेगा।

### पैक्स को सशक्त बनाने पर चर्चा

मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि 2 लाख नयी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। वहीं सरकार का मानना है कि ग्रामीण सेवा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम सहकारिता के जरिए संभव है। इस दौरान सहकारी क्षेत्र में 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और किसानों को सशक्त बनाना है। साथ ही, 'सहकारिता में सहकार' अभियान और 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के तहत राज्यों की प्रगति और सहभागिता पर विचार किया गया।

**राज्य में नई सहकारी समितियों को गठन** : मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता के क्षेत्र में संभावनाओं को लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नई सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।

# किरण देव बोले- कांग्रेस ने आपातकाल के माध्यम से लोकतंत्र पर किया कुठाराघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा महिला मोर्चा के मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, आपातकाल का यह 50वां वर्ष है, जो हमारे देश के संविधान और देश के लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस शासनकाल में आपातकाल के दौरान किन-किन परिस्थितियों का सामना देश और देशवासियों को करना पड़ा, हमें यह सोच कर भी मन दुखी होता है। कांग्रेस ने आपातकाल के माध्यम से लोकतंत्र पर कुठाराघात किया। श्री देव ने कहा, वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है देश का चहुंमुखी विकास हो। उनकी कल्याणकारी योजनाओं देश को



विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे है। भारत इन 11 वर्षों में विकास की ओर तेज रफ्तार से आगे बढ़ा हैं। इस बात को हम सभी देशवासी जानते हैं आज भारत का सम्मान दुनिया के विभिन्न देशों में हो रहा है दुनिया में भारत का परचम मोदी के नेतृत्व में लहरा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा, उस समय सत्ता में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ कोर्ट का निर्णय हुआ उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ता, अपने पद को बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाया। आपातकाल लागू कर इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए भारत के संविधान में संशोधन किया। कार्यक्रम में मोर्चा महामंत्री विभा अवस्थी, चंपा देवी पावले, ममता साहू, अलका चंद्राकर, शीतल नायक, मायाबेल चंदन, सुषमा खालको,हेमलता शर्मा, किरण मरकाम, किरण बघेल, मिनी पांडेय, आयुषी पांडे शीलू साहू, निशा चौबे सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# मंत्रालय में बना नया सभागार मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सेक्रेटरी ब्लॉक के पंचम तल पर निर्मित नवीन सभागार का लोकार्पण किया। 13.90 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित यह भव्य सभागार सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। 6450 वर्गफीट क्षेत्र में बने इस कॉन्फ्रेंस हॉल की बैठक क्षमता 185 सीटों की है।

सभागार आंतरिक विद्युतीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, वातानुकूलन, ऑडियो-विजुअल प्रणाली, आंतरिक साज-सज्जा तथा फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, पी. दयानंद, डॉ. बसवराजू एस., राहुल भगत, सचिव रजत कुमार, अंकित आनंद, अविनाश चम्पावत तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजयुमो की मॉक पार्लियामेंट कल

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस ने बताया, भारतीय जनता युवा मोर्चा 25 जून 1975 को लगे आपातकाल के विषय को लेकर एक दिवसीय युवा संसद का कार्यक्रम रायपुर के अग्रसेन धाम में 2 जुलाई को करेगा। इसमें प्रदेशभर के युवा शामिल होंगे। उन्होंने कहा, युवा संसद का आयोजन का उद्देश्य आपातकाल के कालखंड जो स्वतंत्र भारत इतिहास के सबसे अलोकतांत्रिक काल रहे, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार द्वारा असंवैधानिक रूप से आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की गई।

# सीएम साय के सुशासन में जनता को किफायती दर पर आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रारंभ की गई ओटीएस-2 (वन टाइम सेटलमेंट) योजना को आमजनों से अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत केवल चार माह में लगभग 162 करोड़ मूल्य की 1050 किफायती संपत्तियां सफलतापूर्वक विक्रय की गई हैं। इससे लोगो को कम कीमत में आवास एवं व्यावसायिक दुकान/हॉल मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सभी के लिए आवास के तहत तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में यह योजना संभव हो सकी है।

ओटीएस-2 योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2025 को किया गया था। योजना के अंतर्गत गृह निर्माण मंडल के राज्यभर में स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक चिन्हित संपत्तियों पर 30% तक की छूट प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के सभी वर्गों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्थानों जैसे, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, धमतरी, दंतेवाड़ा राजनांदगांव, कवर्धा, नवा रायपुर अटल नगर, आरंग, महासमुंद, अंबिकापुर, जशपुर, रायगढ़, कोरबा और अन्य प्रमुख शहरों में लागू है। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री चौधरी ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक और किफायती दरों पर आवास उपलब्ध हो।

गृह निर्माण मंडल द्वारा लागू की गई ओटीएस-2 योजना इस दिशा में एक सफल और महत्वपूर्ण कदम है। हमने मंडल को आगे भी इसी सोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री आठवले आज रायपुर दौरे पर

**रायपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले मंगलवार को रायपुर के दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान मंत्री श्री आठवले प्रातः 10 बजे पंडितराय, सद्गुरु कबीर परख संस्थान भवन में आयोजित संत कबीर सत्संग कार्यक्रम में भाग लेंगे।



### डॉ.चौधरी को चाणक्य पुरस्कार



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ.राजीव चौधरी शारीरिक को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित चाणक्य पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुस्कार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को आईआईटीई गांधीनगर द्वारा प्रदान किया जाता है। डॉ.चौधरी को यह पुरस्कार शिक्षक व प्रशिक्षण क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान प्रकाशन, पाठ्यक्रम विकास, एनईपी लक्ष्यों में योगदान और समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया है। उनके द्वारा प्रकाशित शोध पत्र, पुस्तकें सहित पीएचडी शोधार्थियों के मार्गदर्शन और अनुसंधान पद्धति के आधार पर उनका चयन इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया।

### राज्यसभा सांसद ने दिवंगत कवि दुबे को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने दिवंगत हास्य-व्यंग्य कवि सुरेंद्र दुबे के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, पद्मश्री, विश्वविख्यात हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबेजी का अचानक जाना उनके देश-विदेश के करोड़ों चाहने वालों को स्तब्ध कर गया।

## निधन

### अशोक दुबे

**रायपुर।** ब्राह्मण पारा निवासी अशोक दुबे (82) का 30 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे डॉ. कौशल दुबे, संजीव दुबे, किरण दुबे, ललित दुबे के बड़े भाई एवं अंचल दुबे के पिता, पूर्व पार्षद आकाश दुबे के बड़े पिता थे।



### पीआर जॉनसन

**रायपुर।** कटोरा तालाब निवासी सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर पीआर जॉनसन का 30 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जुलाई को सुबह 11 बजे सेंट पॉल्स कब्रिस्तान प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे विनीता देव, अरुणा जॉनसन चौधरी के पिता थे।



# प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर एक क्लिक पर निगम की दुकानों का किराया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का बाजार व राजस्व विभाग अब मेनुअल की जगह ऑनलाइन सिस्टम पर काम करेगा। इसके लिए प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर शहरभर में नगर निगम की 4 हजार से अधिक दुकानों का सर्वे कर आवंटितियों के नाम, किराया भुगतान की स्थिति अपडेट की जा रही है। एक क्लिक पर आने वाले दिनों में मुख्यालय से निगम के दुकानों का ब्योरा मिनटों में पता चल जाएगा। अभी तक यह सिस्टम मेनुअल तरीके से संपादित किया जा रहा था, जिसमें समय ज्यादा लगने के साथ रिकार्ड रखने में दिक्कत हो रही थी। अब ऐसा नहीं होगा, इसके लिए अलग से एप बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

अलग खबर

## तैयार होगा एप, ऑनलाइन एंट्री का रहेगा सिस्टम, मेनुअल की झंझट नहीं

- दस जोन से मंगायी जा रही फाइलें, आनलाइन होने लगा डाटा अपडेट
- दुकानों की यूनिक आईडी, फेजवाइज चलेगा काम




### अलग से एप तैयार करने चल रही प्रक्रिया

नगर निगम के लाठीटेक सिस्टम को पटरी पर लाने राजस्व महकमा जुट गया है। इसी कड़ी में निगम के पार्किंग स्पॉट, व्यवसायिक परिसर, दुकानें और इसके लिए समय-समय पर किये जाने वाले टेंडर की अपडेट जानकारी ऑनलाइन रखी जाएगी। इसके लिए एक अलग से एप बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया निगम मुख्यालय में चल रही है।

नगर निगम का बाजार विभाग केंद्रीयकृत होने के बाद महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के शहर भर में स्थित दुकानों का ब्योरा अब मुख्यालय में मंगाया गया है। इसके लिए सर्वे का काम 60 फीसदी पूरा किया जा चुका है। साथ दस जोनों से बाजार विभाग की फाइल मुख्यालय मंगाकर ऑनलाइन एंट्री की जा रही है। बाजार विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि अब प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर लोग निगम के दुकानों का किराया भुगतान ऑनलाइन घर बैठे कर सकेंगे। संबंधित दुकानों कीएक यूनिक आईडी तैयार होगी। इस कार्य को फेजवाइज किया जायेगा। जिसमें नगर निगम के दुकानों के किरायेदार, लाइसेंसी दुकानदार और लीज पर दुकान लेने वालों का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज होगा। दुकानों के नवीनीकरण और पार्किंग स्पॉट को भी इसी सिस्टम में आगे जोड़ा जाएगा।

*बच्चों के लिए लगाए गए झूले टूटे, फिसलपट्टी में जंग, वीरान पड़ा गार्डन*

# बूढ़ातालाब में सड़ रहा 5 करोड़ी फौवारा, नौकाविहार के दर्शन दुर्लभ, फ्लोटिंग डेक किसी काम का नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बूढ़ातालाब का 5 करोड़ी फौवारा तालाब के पानी में डूबकर सड़ने लगा है। इसके कल-पुर्जे अब किसी काम के नहीं रहे, पूरा ढांचा कबाड़ में तब्दील हो रहा है। जहां कभी रंगीन रोशनी के बीच संगीत की स्वर लहरियों का आनंद उठाने लोग परिवार के साथ आते थे, परिक्रमा पथ पर सन्नाटा पसरा है। नीलाभ गार्डन से दानी स्कूल एंट्री पाइंट वाले हिस्से तक नौकाविहार करने वालों के लिए बनाया गया फ्लोटिंग डेक वीरान हो गया है। तालाब के पानी पर तैरता ढांचा देखरेख के अभाव में खराब हो रहा है। न इसकी चिंता छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल को है, न ही निगम प्रशासन और शहरी सरकार इसकी सुध ले रही। प्रयोग के नाम पर रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने बूढ़ातालाब को भव्य बनाने 29 करोड़ रुपये पानी की तरह बहा दिये। इसका कोई हिसाब-किताब लेने वाला नहीं है।

- तालाब सौंदर्यीकरण में रायपुर स्मार्ट सिटी ने दो फेज में फूंक दिए 29 करोड़

शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को सबसे सुंदर और पर्यटन की दृष्टि से भव्य बनाने रायपुर स्मार्ट सिटी ने 2 फेज में 29 करोड़ खर्च कर तालाब सौंदर्यीकरण कराया। इसमें तालाब के मध्य 5 करोड़ खर्च कर म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया। कांग्रेस शासन काल में शहर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने पूरे तामझाम के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों आनन-फानन में इसका लोकार्पण कराया। परिक्रमा पथ पर रंगीन महंगी लाइटें लगाकर रोशनी बिखेरी गयी। लोगों के चलने के लिए पाथवे बनाये गये। दानी स्कूल साइड के परिक्रमा पथ से नीलाभ उद्यान तक आने-जाने के लिए फ्लोटिंग डेक तैयार कराया गया, ताकि बूढ़ातालाब में लोग नौकाविहार का आनंद उठा सकें, पर रंगीन झिलमिल रोशनी के बीच चलने वाला सबसे महंगा फौवारा 5 माह भी नहीं चल पाया। कभी नोजल की खराबी और कभी तालाब के पानी में गंदगी का हवाला देकर फौवारा बंद रहा। अब हालात ये हैं कि 5 करोड़ी फौवारा तालाब के पानी में सड़ने लगा है। इसके कलपुर्जे पूरी तरह काफी हद खराब हो चुके हैं। लोहे का ढांचा तालाब के पानी पर साफ देखा जा सकता है। बूढ़ापारा से दानी स्कूल बायपास एंट्री पाइंट पर निर्माण एजेंसी ने जहां कंट्रोल रूम बनवाया, वहां पिछले 8 माह से म्यूजिकल फाउंटेन की मरम्मत चल रही वाली तख्ती आगंतुकों को हैरान कर रही है।

### नौकाविहार बंद, तीन तरह के बोट का प्लान हवा-हवाई

बूढ़ातालाब में पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी द्वारा शहरवासियों को नौकाविहार की सुविधा देने तीन तरह के बोट तालाब में उतारने की योजना रही। ये बोट थ्री सीटर, फोर सीटर और सिक्स सीटर क्षमता के लाया जाना था, पर यह प्लान बाद में हवा-हवाई साबित हुआ। एजेंसी का फोकस रूफ टॉप चौपाटी पर है। रीक्रियेशन जोन के नाम से बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ में लोगों के टहलने के लिए बनाये गये पाथवे को घेरकर यहां लोहे का बड़े-बड़े कंटेनर लगाया गया है। इसे फूड जोन का स्वरूप देने की तैयारी है। इसका स्थानीय रहवासी और स्कूल कालेज के विद्यार्थी, सामाजिक संस्थाएं विरोध कर रही हैं।



### बच्चों के पार्क की अनदेखी, झूले खराब, फिसलपट्टी में लग रही जंग

*बूढ़ापारा के दुर्गामंदिर के पास रायपुर स्मार्ट सिटी ने बच्चों के लिए एक सुंदर पार्क बनवाया, जहां खेलकूद और मनोरंजन के लिए तरह-तरह के आकर्षक झूले, फिसलपट्टी और एक्सरसाइज के इक्वीपमेंट लगाये गये। शुरुआत में यहां शाम के समय बच्चों की टोली उछलकूद करने और झूले तथा फिसलपट्टी का मजा लेने आती रही, पर पार्क के पास से बायपास मार्ग खोलने के बाद देखरेख के अभाव में यहां लगाये गये कई उपकरण चोरी हो गये। कुछ इक्वीपमेंट नट-बोल्ट खराब होने के बाद इसे बदला नहीं गया। वहीं बच्चों के लिए लगायी फिसलपट्टी टूटी पड़ी है। यहां मनोरंजन के लिए म्यूजिक सिस्टम भी लगवाया गया था। वहां समय-समय पर विभिन्न आयोजन होते, पर अब वहां से म्यूजिक सिस्टम और आवश्यक उपकरणों को हटा लिया गया है।*

उजाड़ पड़ा नीलाभ गार्डन







### स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आसपास की लाइटें बंद उजाड़ पड़ा नीलाभ गार्डन



शहर के बूढ़ातालाब का नाम बदलकर पूववर्ती भाजपा शासन काल में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के नाम पर विवेकानंद सरोवर किया गया। तालाब के मध्य स्थित नीलाभ गार्डन वाले हिस्से में स्वामी विवेकानंद की विशाल ध्यानमग्न मूर्ति स्थापित की गयी। इस दौरान आसपास के हिस्से में आकर्षक लाइटें भी लगायी गयीं, पर देखरेख के अभाव में नीलाभ गार्डन में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा वाले हिस्से के आसपास की लाइटें बंद पड़ी हैं। वहीं नीलाभ गार्डन की सुंदरता बढ़ाने वाले फौवारा को बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण के दौरान उखाड़ दिया गया। अब यहां न फौवारा है न ही पहले जैसे फूलदार पौधे। गार्डन उजाड़ पड़ा है, जबकि इसी बूढ़ा गार्डन में शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग सुबह शाम परिवार के साथ घूमने आते थे, तब यहां काफी चहल-पहल भी हुआ करती थी। अब हालत ये है कि शाम होते ही गार्डन के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से लोग यहां आने से कतराने लगे हैं। प्रवेश द्वार से लेकर बगीचे तक की दर्जनों लाइटें बंद पड़ी हैं।

## पेज 11 के शेष

### एपीएल चावल का ....

के अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर चावल भिजवाने की मांग कर रहे हैं। यही नहीं, कई दुकानो में तो चावल की कमी के कारण कई हितग्राहियों को सिर्फ जून का चावल ही बांटा गया है। हितग्राहियों को अब दो महीने का बचा चावल लेने के लिए दोबारा दुकान जाना पड़ेगा।

### जून, जुलाई और ....

दुकानों में चावल की धीमी सप्लाई और नई ईपॉश मशीन के कारण जून माहांत तक लगभग 90 प्रतिशत धारकों को ही चावल वितरण किया जा सका है। इस तरह प्रदेश में 81 लाख 64 हजार 498 धारकों में से लगभग 8 लाख धारकों को समय-सीमा में चावल वितरित नहीं किया जा सका। इन बचे हुए धारकों के लिए अब 7 जुलाई तक चावल वितरण की तारीख बढ़ाई गई है।

### राशन दुकानों में ....

नहीं होगा। इसे देखते हुए सभी दुकानों में हितग्राहियों की भारी भीड़ लगी रही। हालांकि दोपहर में विभाग के माध्यम से दुकान संचालकों को तारीख बढ़ाने संबंधी सूचना दी गई, जिसके बाद संचालकों के साथ हितग्राहियों ने भी राहत की सांस ली।

### ड्रंक एंड ड्राइव ....

है, जिसके तहत इन सभी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। इसके लिए पुलिस विभाग ने परिवहन विभाग को प्रकरण सहित वाहन चालकों के नाम की सूची भेजी है।

### इन वाहन चालकों ....

वर्ष निवासी अमलीडीह, सीजी04एनडब्ल्यू 9367 अजमल कोची 27 वर्ष निवासी राजातालाब, सीजी07सीडब्ल्यू 9300 दीपेश जैन 44 वर्ष निवासी भिलाई, सीजी08एजेड 5501 जितेश राजपूत 27 वर्ष निवासी गोढ़ी कला बेमेतरा, सीजी04एनआर 4770 फरेंद्र जाधव 37 वर्ष निवासी बिलासपुर तथा सीजी10वी 0736 हिमांशु 23 वर्ष निवासी खैरागढ़ शामिल है।

### आंबेडकर अस्पताल....

विभाग के डाक्टरों ने उसे गला दबाकर धक्का देने का प्रयास किया, वहीं डाक्टरों आरोप लगाया कि युवकों ने हंगामा मचाते हुए उन पर हमला कर दिया। इससे ड्यूटी पर मौजूद पीजी डाक्टर कृपाशंकर के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और डॉ. राजीव गुप्ता के सिर और सीने में चोट आई है। हंगामे के दौरान पुलिस चौकी में मौजूद जवान और सुरक्षा गार्डों ने बीच-बचाव किया। घटना की जानकारी होने पर जूनियर डाक्टरों ने दोपहर दो घंटे तक अपना काम बंद कर विरोध जताया और मौदहापारा थाने में इसकी शिकायत कराई।

### टैक्सी चालक पर ....

रजबंधा मैदान पहुंचा, जहां गाड़ी को खड़ी कर वह अपने एक दोस्त के साथ पैदल घर जाने के लिए वहां से निकला। इसी दौरान अमर किराना स्टोर्स के पास मौजूद दोनों आरोपी उसके साथी को देखते ही गाली गलौज करने लगे। उनके द्वारा जब मना किया गया, तो इस बात पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट करते हुए चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 109(1), 115(2), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया था। इन दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जुलूस निकाला। आरोपियों में अंकुश रात्रे के विरुद्ध पहले ही मौदहापारा थाने में मारपीट, बलवा एवं हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।

### विधि मंत्रालय के स्टॉफ ऑफिसर सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में पदस्थ स्टाफ ऑफिसर अजय कुमार तिवारी की सेवानिवृत्ति पर विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ की ओर से उनकी विदाई का कार्यक्रम मंत्रालय के सभाकक्ष में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधि विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त सचिव दीपक कुमार देशलहरे, चंद्र कुमार कश्यप, भूपेंद्र कुमार वासनीकर, उपसचिव श्रद्धा श्रीवास्तव शामिल रहे। इस अवसर पर विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, उपसचिव अनिल सिन्हा, कार्यक्रम का संचालन मंत्रालय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष हीराधर बघेल एवं आभार प्रदर्शन विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के सचिव गोविंदराम साहू ने व्यक्त किया उपस्थितजनों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए सराहना की।



### आत्मानंद स्कूल अटारी के प्राचार्य सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल अटारी के प्राचार्य समरेंद्र सिंह 30 जून को अर्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर स्कूल के समस्त प्राध्यापक, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें विदाई कार्यक्रम में भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस दौरान श्री सिंह ने अपने 43 वर्ष के शिक्षकीय कार्यकाल के अनुभव सभी के समक्ष व्यक्त किए।




## अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 5 नगर निवेश विभाग ने चंगोराभाठा बाजार चौक के पास शासकीय संपत्ति विरूपण करने पर कार्रवाई की है। इनमें अगस्तया एकेडमिक आफ साइंस अनाज भंडार के पास रायपुर, कृष्णा किडम एकेडमी एसबीआई कालोनी सुंदर नगर रायपुर, शिक्षा कोचिंग सेटर अश्विनी नगर महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन के पास और आईएसबीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना किया है। 3 दिन के अंदर जुर्माना राशि जोन 5 के नगर निवेश विभाग में जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। जोन 5 क्षेत्र स्थित चंगोराभाठा बाजार चौक के पास सरकारी पोल पर अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता प्रभावित करने वालों के खिलाफ निगम ने जुर्माना लगाया है। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की अनदेखी करने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि भविष्य में नगर निगम की बिना अनुमति शासकीय स्थलों पर बैनर-पोस्टर न लगायें। 3 दिन के भीतर जुर्माने की राशि नगर निगम के जोन 5 नगर निवेश विभाग में जमा करा दें।



### ईश्तहार

पत्र क्रं./21523/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2025
रायपुर, दिनांक 18/06/2025
नामांतरण प्र.क्र. 21523
वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651Q00495 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Sushma Singh पिता/पति श्री/श्रीमती W/O Krishna Singh के नाम से दर्ज है जिसका श्री/श्रीमती Parasa Ram पिता/पति/श्रीमती S/O Mupa Ram ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत **विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना / मुख्त्यारनामा आम निरस्ती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार/श्री सत्यम वर्मा पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार वर्मा निवासी वार्ड नं. 10. गुडी चौक, ग्राम टोर, पो. आफिस नगरगांव थाना धरसींवा तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा एक मुख्त्यारनामा आम प्राप्तकर्ता श्री विजय कुमार वर्मा उम्र 44 वर्ष पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार वर्मा पता- वार्ड नं. 10, गुडी चौक, ग्राम टोर, पो. आफिस नगरगांव थाना धरसींवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 493111 मो.नं. 9826706722 के पक्ष में दिनांक 02/12/2020 को निष्पादित किया गया है। मेरे पक्षकार के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि की मौजा टोर प.ह.नं. 15, रा.नि.मं. धरसींवा 1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि से संबंधित कार्य के लिए मु.आम. आप नोटिसी को संयुक्त रूप से उक्त मौजा का खसरा नं. क्रमशः 174/3, 530/6, 530/7, 530/10, 530/11, 530/15, 530/21, 530/22, 559 / 6, रकबा क्रमशः 0.061 हेक्टे. 0.121 हेक्टे. 0.231 हेक्टे 0.263 हेक्टे.0. 069 हेक्टे. 0.231 हेक्टे 0.130 हेक्टे. 0.122 हेक्टे 0.053 हेक्टे, योग 09 कुल खसरा का रकबा 1.281 हेक्टे. को देखरेख प्रबंध संबंधित मामला मुकदमा, दीवानी, फौजदारी, माल, वकिल-एडव्होकेट नियुक्त एवं समस्त न्यायालय से संबंधित कार्य एवं कृषि कार्य हेतु धान उपार्जन केन्द्र सोसायटी एवं बीज निगम में पंजीयन तथा धान विक्रय की रकम प्राप्त करने, कृषि लोन हेतु सभी कार्य के लिए मु. आम नियुक्त किया गया था। जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति निगम, वितीय, अर्द्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में उक्त मु.आम. के द्वारा कोई कार्य किया गया होगा वह अवैध होगा तथा भविष्य में कोई भी कार्य का मेरे पक्षकार की बिना सहमति से किया गया कार्य पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 24/06/2025
भवदीय
**संजय कुमार यादव (अधिवक्ता)**
**पता- ब्लाक बी, सड़क नं. 08 करण नगर न्यु चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मो. नं. 8964016248, 8982052737**

### ।। आम-सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार से भू-स्वामीगण मुरली चंद्राकर, दौलतराम चंद्राकर, गोरेलाल चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर, बाजलाल चंद्राकर, नरोत्तम चंद्राकर, सभी पिता श्री नारायण चंद्राकर, निवासी सिंधनपुर, झलप, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) एवं कुसुम चंद्राकर, देवस चंद्राकर, रिचा चंद्राकर, रितु चंद्राकर, निवासी- भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम रसनी, प.ह.नं.-30, रा.नि.मं. रा.नि.मं. आरंग, तहसील- आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 290 रकबा 2.25 हेक्टेयर याने 5.56 एकड है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि दिया जाकर विक्रय अनुबंध-पत्र का निष्पादन कर 11,00,000/- रूपये ( अक्षरी ग्यारह लाख रूपये) प्रदान किया गया था, शेष विक्रय प्रतिफल राशि विक्रय पत्र के निष्पादन एवं पंजीयन के समय दिया जाना था। मेरे पक्षकार एवं विक्रेतागण के मध्य उक्त वर्णित सौदा पेटे जो रकम बयाना राशि के रूप में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण को दिया गया था को मय ब्याज विक्रेतागण के द्वारा वापस मेरे पक्षकार को वापस प्रदान कर दिया गया अर्थात उक्त वर्णित भूमि के संबंध में आपस में राजीनामा हो गया है और उक्त वर्णित भूमि के संबंध में हुये इकरारनामा को आपसी राजीनामा के तहत रद्द किया गया है अब मेरे पक्षकार को विक्रेतागण से कोई भी रकम लेना उक्त भूमि के संबंध शेष नहीं है और उक्त भूमि के संबंध में भविष्य में कोई दावा आपत्ति नहीं किया जायेगा। यदि मेरे पक्षकार द्वारा दावा आपत्ति किया जाता है तो अवैधानिक होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 30.06.2025
**आर.के. महोबिया, देवकॉत महोबिया**
**अधिवक्तागण**
**पता- लीली चौक पुरानी बस्ती नया मंदिर मार्ग, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.:- 99268 95225**

### PUBLIC NOTICE

I, Moksh Parekh, S/o Shri Manoj Parekh, R/o 77, Hanuman Nagar, Kalibadi Chowk, Raipur, Chhattisgarh, do hereby inform through this public notice that due to clerical error, my name and my parents' names have been incorrectly recorded as "MOKSH JAIN S/o SHRI MANOJ JAIN (Mother – REKHA JAIN)" in my ICSE (Class 10th – 2023) and ISC (Class 12th – 2025) mark sheets issued by the Council for the Indian School Certificate Examinations, New Delhi.My correct full name is "MOKSH PAREKH S/o SHRI MANOJ PAREKH (Mother – SMT. REKHA PAREKH)" which is duly recorded in my Aadhar Card, PAN Card, Birth Certificate, and other educational documents.In this regard, I have already submitted a formal application to the Council for the Indian School Certificate Examinations, New Delhi for necessary correction in my name.Any person having objection may contact within 15 days of this notice.

Date: 21.06.2025 **Deponent:**
Place: Raipur (C.G.) **Moksh Parekh**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री स्कूल में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग स्थित वीरांगना अवन्ति बाई लोधी पीएमश्री प्राथमिक स्कूल में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की सुरुवात भारत माता, मां सरस्वती देवी एवं वीरांगना अवन्ति भाई लोधी के तैलचित्र पर पुष्प श्रीफल अर्पण कर बच्चों द्वारा मां सरस्वती की आराधना गीत गा कर की गईं। इस अवसर पर उपस्थित अतिथिगणों द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात पहली कक्षा मे प्रवेश लेने वाले बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने, अपने माता पिता गुरुजनो का आदर करने एवं उनको आज्ञा का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र लोधी, संतोष लोधी, उमाकांत लोधी एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष भरत लोधी, उपाध्यक्ष कामिनी पाल एवं पूर्व अध्यक्ष अरविंद लोधी व स्कूल स्टॉफ से प्रधान पाठक अनुसूइया साहू, शिक्षिका पूर्णिमा साहू, लोमेश्वरी चंद्राकर उपस्तिथ थे।

### तरपोंगी में मवेशियों से बढ़ रहे सड़क हादसे



**तरपोंगी।** रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राज मार्ग ग्राम तरपोंगी बना गोठान। मवेशी सड़को पर डेरा जमाए हुए है। जिससे हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। आये दिन मोटर सायकल सवार दुर्घटना का शिकार होते रहते है। क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने राज्य सरकार से मांग की है कि पशु पालक को सजग कर मवेशियों को घरो में रखे ताकि मवेशी भी सुरक्षित रहे और दुर्घटना से बच सके।

### रीवा के मेधावी छात्रों का सम्मान



**आरंग।** शासकीय महात्मा गाँधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवा के 10वीं व 12वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए विद्यार्थियों का सम्मान निः शुल्क शिव प्रसादी रुद्राक्ष के द्वारा किया गया। राजकुमार दीपक ने जानकारी देते हुए बताया की यह विद्यार्थी सम्मान का तीसरा वर्ष है। 12वीं में सोनम साहू प्रथम, जागृति सिन्हा द्वितीय, गोपेन्द्र साहू तृतीय, 10वीं में यश कुमार साहू प्रथम, कुलेस्वर् साहू द्वितीय, खुशी मानिकपुरी तृतीय को महामाया मन्दिर कुकरा मे धर्म पट्टा, लक्ष्मी यंत्र, टिफिन डब्बा, पेन कापी, पेंसिल, डायरी, सरस्वती यंत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार दीपक, पं. छत्रधर दीवान, वीरेंद्र टंडन, मंथिर राम साहू, केजू राम साहू, जगत राम साहू, गोपाल साहू, डगेस्वरी साहू, मंगलू राम, रुंगु साहू, हरि संकर साहू, निर्भय साहू, रोहनी साहू, कुमारी साहू उपस्थित थे।

### निःशुल्क होम्योपैथी जांच शिविर आज

**आरंग।** डॉक्टर डे के उपलक्ष्य में निःशुल्क होम्योपैथी जांच शिविर का आयोजन आज किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एम. एल. गोलदार ने बताया कि सदर रोड स्थित रिधिमा क्लिनिक में जटिल रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी कश्यप, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक साहू, वी.पी. मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

### खौली में शराब दुकान के खिलाफ धरना जारी

**आरंग।** ग्राम खौली में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने के विरोध में ग्रामीणों का धरना 25 जून से जारी है। सोमवार को पूर्व जनपद सदस्य शर्मा ने धरनास्थल पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह का संदेश दिया कि गांव में किसी भी कीमत पर शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।

---

रायपुर निगम के प्रवेश द्वार एवं अनुपम गार्डन के पास लगाया गया टैंक और तोप

# स्कूली छात्र ने लिखा था राज्यपाल को पत्र, तब राजधानी में स्थापित हुए सेना के शौर्य प्रतीक

**रायपुर।** शहर के अनुपम गार्डन के पास सेना का शौर्य प्रदर्शित करती कृतियों को आते-जाते लोग देखते तो हैं, लेकिन ये नहीं जानते कि इसके लिए किसने पहली बार प्रयास किया। जी हां, 2005 में स्कूल खुलते ही कालीबाड़ी के उच्चतर माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले छात्र सचिन खरे ने युवाओं को सेना के शौर्य और पराक्रम का एहसास कराने के लिए तत्कालीन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ को पत्र लिखा था।

पत्र में जिक्र किया गया था कि छत्तीसगढ़ में युद्ध का कोई इतिहास नहीं रहा है। इसके चलते युवाओं को सेना से जोड़ने और प्रेरित करने के लिए प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों पर युद्ध में प्रयोग हुए टैंक और तोप को प्रदर्शित किया जाए। इससे युवाओं को सेना के पराक्रम का बोध होगा और जगह को भी खास लुक मिलेगा।







### भारत की पहली स्वदेशी टैंक को किया प्रदर्शित

12 जुलाई 2005 को पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ ने छात्र द्वारा लिखे गए पत्र और दिए गए सुझाव को लेकर स्कूल प्रबंधन को सचिन के नाम जवाब भेजा। इसमें उन्होंने छात्र की पॉजिटिव सोच का स्वागत करते हुए सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने पर जोर दिया। तब सेना के टैंक और तोप का प्रदर्शन हुआ। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग किए गए टैंक और तोप नहीं, भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक बनाने का भी प्रयास किया। जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन के पास 1971 के युद्ध में इस्तेमाल की गई विजयंत टैंक को लाने के बाद स्थापित किया गया। जो भारत में तैयार हुई पहली स्वदेशी टैंक है।

### तीन स्थानों पर सजा, निगम गार्डन में सेना से मंगाकर लगा हवाई जहाज

सचिन खरे ने बताया कि अभी मैं आर्किटेक्ट के रूप में राज्य के विकास को मूर्त रूप देने के लिए काम करता हूं। जब पढ़ाई करता था, तब मुझे लगा था कि राजधानी में इस तरह का प्रयास युवाओं को प्रेरित करने को लेकर किया जा सकता है। मुझे पता था कि तत्कालीन राज्यपाल सेना से रिटायर्ड हैं। इसे देखते हुए ही पत्र लिखा और उसका जवाब तब प्रार्थना के बाद सभी को पढ़कर सुनाया गया था। इसके बाद 3 स्थानों पर टैंक, सेना का शौर्य, तोप और हवाई जहाज सजाया गया। निगम मुख्यालय में प्रवेश द्वार के पास एक तोप रखी गई। वहीं निगम गार्डन में ही हवाई जहाज को सेना से मंगाने के बाद लगाया गया।

### अनुपम गार्डन के पास गन थामे सेना के जवान

इन हथियारों को देखकर लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत होती है। शहर घूमने आने वाले लोग टैंक, तोप, हवाई जहाज और हाथों में गन ताने सीमा पर तैनात जवानों की कृतियों के पास खड़े होकर फोटो खिंचवाते और सेल्फी बनाते हैं। इसके बाद से अभी तक भारतीय सेना के पराक्रम को प्रदर्शित करने के लिए आगे पहल नहीं हुई। यह प्रदर्शन न केवल सेना के शौर्य को प्रकट करता है, बल्कि शहीद राजीव पांडेय जैसे सैनिकों की याद दिलाता है। शहीद राजीव पांडेय को वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

---

# ऋतु परिहार पर्यवेक्षक संघ की बनीं दुबारा प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत भानसोज सेक्टर के पर्यवेक्षक ऋतु परिहार छत्तीसगढ़ महिला बाल विकास पर्यवेक्षक संघ का दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गई। विदित हो कि रविवार को भारी गहमा गहमी के बीच पाटीदार भवन देवेंद्र नगर में सैकड़ो की संख्या में महिला पर्यवेक्षको उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम में प्रदेश से आए सरगुजा से लेकर सुकमा दंतेवाड़ा तक के महिला बाल विकास पर्यवेक्षक बहनो ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मतदान का साक्षी बना। निर्वाचन कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर तिवारी, निर्वाचन अधिकारी पंकज पांडे, उमेश मुदलियार, सीएल दुबे, वायआर सोनी, पूरन पटेल, बीपी कुरील आदि की उपस्थिति में बड़ी सजकता से और निष्पक्ष निर्वाचन का कार्य संपन्न कराया। उक्त निर्वाचन में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर वर्तमान प्रदेशअध्यक्ष रितु परिहार ने कुल 276 मत प्राप्त किया। वहीं उनकी प्रतिद्वंद्वी जय श्री साहू को 194 मत प्राप्त हुआ। उसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु पुष्पमती चौहान 259 मत प्राप्त हुआ। गीता पांडे को 120 मत प्राप्त हुआ। ममता मधुकर को 90 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार से पुष्मति चौहान उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। वही सचिव पद के लिए पदमा नायडू को 262 मत प्राप्त हुए मीना रजवाड़ों को 205 मत प्राप्त हुए इस प्रकार से पदमा नायडू विजय घोषित हुई। सुबह से ही 10 बजे से लेकर के शाम 06 बजे तक के मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा मत की गणना की गई और शाम 07 बजे निर्वाचन अधिकारी द्वारा विजयी प्रत्याशी प्रत्याशियों घोषणा की गई।

---

# 18 तम्बाकू विक्रेताओं पर कोटपा के तहत चालानी कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर के निर्देषानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड तिल्दा के मार्गदर्षन में सोमवार को तिल्दा नेवरा में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू से संबंधित सामग्री बेचने वाले दुकानों, पान ठेलाओं आदि में कोटपा चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 18 जगहों पर 4350 रू. का चालान काटा गया है। साथ ही सभी ऐसे दुकानदारों को समझाइश दी गई कि 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाखू निर्मित वस्तुओं की बिक्री नहीं करे, साथ ही दुकानों में नाबालिगों को नहीं बैठाएं। कार्रवाई में मुख्य रूप से ओमप्रकाष यादव, औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासनए जिला रायपुर, ममता सुनानी, कार्यक्रम प्रबंधक एवं अजय बैस के सहयोग से यह चालानी कार्रवाई की गई।

# दलीय राजनीति से ऊपर उठ समोदा नपां ने किया शराब दुकान खोलने का विरोध

**आरंग।** विधानसभा क्षेत्र आरंग में खुलने जा रहे 5 शराब दूकानों में से एक और शराब दुकान के विरोध में ग्रामीण उठ खड़े हुये हैं। खौली में धरना - प्रदर्शन जारी है तो पलौद में ग्राम सभा व पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। पूर्ववर्ती शासनकाल में नवगठित नगर पंचायत समोदा ने ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये अपने क्षेत्र में शराब दूकान न खोलने की मांग को ले जिलाधीश को बीते दिनों ज्ञापन सौंपा है। नगर पंचायत के प्रतिनिधियों पर ग्रामीणों का दबाव इतना रहा कि वे दलीय राजनीति से ऊपर उठ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने विवश हो गये। समोदा में शराब दूकान खोलने से 3 किलोमीटर के दायरे में 3 शराब दूकान हो जावेगा। ज्ञातव्य हो कि नगर पंचायत समोदा में भाजपा के निर्वाचित अध्यक्ष को छोड़ निर्वाचित 15 पार्षद हैं जिनमें से 7 भाजपा के, 6 कांग्रेस के व 2 निर्दलीय हैं। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भाजपा के हैं। शासन द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में शराब दूकान खोले जाने का समाचार मिलते ही ग्रामीणों में व्याप्त आक्रोश को देखते हुये नगर पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय ले जिलाधीश को ज्ञापन सौंप शराब दूकान न खोलने की मांग की है। बैठक में एक निर्दलीय पार्षद सोना अमित राय को छोड़ अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन (भाजपा) सहित भाजपा के पार्षद शेष नारायण साहू, विक्रांत संतोष सोनकर, अमर निषाद, चेतन लाल साहू, डोमन लाल साहू, राजेश कुमार साहू, कांग्रेस के पार्षद दानेश्वरी साहू, गोमती शोभा साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, वैशालनी साहू, दीपा साहू व सत्येंद्र चेलक सहित निर्दलीय पार्षद भीषम साहू मौजूद थे। ज्ञापन में नजदीकी ग्राम चपरीद (थाना आरंग) व ग्राम अछोला (थाना तुमगांव) में पूर्व से ही शराब दूकान होने व शराब दूकान खोलने से कानून व्यवस्था की स्थिति चरमराने की स्थिति के मद्देनजर ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये शराब दूकान न खोलने का आग्रह किया गया है।

# बैंक की 70वीं वर्षगांठ पर आज पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवर



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के समस्त साथियों की बैठक कर्मचारी भवन तिल्दा में आयोजित की गई। भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव का छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय द्वारा गुलाल लगाकर शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि कल 1 जुलाई को बैंक की 70वीं सालगिरह है। 1 जुलाई 1955 को बैंक स्थापित हुआ था। अतः कल 4:30 बजे 70 साल के समस्त पेंशनरों का बैंक में सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर संगठन की पहल पर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से पोष्टकाड पोष्ट किया गया जिसमें जनवरी 2025 से लंबित 2%महंगाई भत्ता और धारा 49(6)को विलोपित करने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि जिन पेंशनरों का जन्मदिन जून माह में पड़ता है ऐसे उपस्थित 12 साथियों का गुलाल, श्रीफल और मुंह मीठा कराकर जन्मदिन मनाया गया। उपस्थित सभी पेंशनरों ने उनके यशस्वी और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर संगठन के 55 साथी उपस्थित रहे।

# विधायक ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम अमोदी स्थित शासकीय विद्यालय प्रांगण में गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब थे। गुरु साहेब जी ने इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान व होनहार छात्र-छात्राओं को प्रस्तति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

साथ ही, निःशुल्क सायकल वितरण कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गुरु साहेब ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, आवश्यकता है तो उन्हें अवसर और प्रोत्साहन देने की। शिक्षा ही जीवन को दिशा देती है और सामाजिक परिवर्तन का सबसे मजबूत माध्यम है। नकार्यक्रम में “एक पेड़ मां के नाम” अभियान के तहत गुरु साहेब जी ने वृक्षारोपण किया तथा उपस्थित जनसमुदाय से पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। विशेष रूप से ग्राम चिखली निवासी संजय बंजारे, जिन्होंने IIT में 1907वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया, उन्हें मंच से सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में गणवेश, पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का भी वितरण किया गया।



### चपरीद में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

आरंग। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चपरीद में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण के साथ बच्चों को गुलाल लगाकर एवं खीर पुरी खिलाकर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मृणाल पांडे, सहायक शिक्षक कोमल ध्रुव, पूर्णिमा इंदौरिया आदि एवं पालकों सहित मध्यान भोजन स्व सहायता समूह की उपस्थिति रही।



# तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराया व मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुमा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर शाला में प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं सभापति अमर माण्डले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच हीरा लाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकाश समिति उपाध्यक्ष महेश्वरी वर्मा, चंदन वर्मा, गोवर्धन साहू, गोपाल सिंह ध्रुव उपसरपंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंचाशीन अतिथियों ने उद्बोधन स्वरूप आशीर्वचन देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही पंचायत द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया, वहीं शाला में नव पदस्थ प्रधान पाठक एवं शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया।

# विधायक शर्मा ने शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को बांटी पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

विधानसभा क्षेत्र के सांकरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर देश के भविष्य, छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें किताबें भेंट कर नए सत्र के शुरुआत की शुभकामनाएं दीं गईं। विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है। इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित समाज की नींव भी है। हर व्यक्ति को ज्ञान अर्जन की दिशा में बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह उसका मौलिक अधिकार है। शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य भी यही है हर बच्चें को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाओं के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और ठोस प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश की शिक्षा के स्तर को और बढ़ाया जा सके। जिससे बच्चें अपने गांव का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करे। विधायक द्वारा ग्राम सांकरा स्कूल में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत बनी अतिरिक्त कक्ष का भी शुभारंभ श्री फल तोड़कर किया इस मौके पर धरसीवां विधायक अनुज शर्मा जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद जनपद अध्यक्ष शकुंतला दिलेन्द सेन जनपद सदस्य निशा अंजित सायतोड़े, सरपंच रघुनाथ साहु आसपास गांवों के आये हुए जनप्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष नोहर वर्मा सदस्य गण, शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# 12वीं की प्रावीण्य सूची में सातवें स्थान पर रहीं धनेश्वरी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



अभ्यास कोचिंग क्लासेस नगरपालिका मंदिर हसौद के द्वारा अपने मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें नगर के वार्ड 20 के पार्षद तुलेश देवांगन, सामाजिक कार्यकर्ता भागी गहने व अनिल सिन्हा के साथ छात्र- छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में रखा गया। जिसमे सर्वप्रथम माँ सरस्वती व भारत माता व ओम के चित्रो मे तिलक व दीपक प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंयक राजपूत ने अतिथियों का परिचय कराकर उनका स्वागत कराया। इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने कहा कि अभ्यास कोचिंग क्लासेस नगरपालिका हसौद में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है और जिसका परिणाम है धनेश्वरी यादव जो इस अभ्यास कोचिंग क्लासेस में पढ़कर आज पूरे छत्तीसगढ़ में कक्षा बारहवीं में प्रवीण सुचि में सातवे स्थान में रही। उनका भी सम्मान भी इस कार्यक्रम मे करने का अवसर मिला है। साथ धनेश्वरी की तरह आप सभी भी निरंतर अभ्यास करते रहीये और अपने लक्ष्य की प्राप्ति कीजिये। वार्ड 20 के पार्षद तुलेश देवांगन व सामाजिक कार्यकर्ता भागी गहने 2025-26 में कक्षा नवमी से बारहवीं तक जो छात्र प्रथम स्थान आयेगा उसे 5000 नगद राशि देने की घोषणा उन्होंने की। इस कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम से तृतीय तक आये विद्यार्थियों का सम्मान किया गया व कार्यक्रम का आभार मंयक सिंह राजपूत ने प्रकट किया।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भः-जिला रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.न.- 00008 पथरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440714900034

**ईश्तहार**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम पथरी के वर्तमान भूमिस्वामी रत्ना पिता/पति-स्व.यमन सिंह बघेल पता-पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, अनीता पिता/पति-स्व.यमन सिंह बघेल पता- पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, बसंती बघेल पिता/पति स्व.यमन सिंह बघेल पता- पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, राकेश बघेल पिता/पति स्व.यमन सिंह बघेल पता पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, अमित बघेल पिता/पति स्व.यमन सिंह बघेल पता- पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 741/1(0.4560), 744(0.1820), 746/2(0.1100), 753/1(0.7350), 753/2(1.6510), 759/2(0.5670) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अनीता पिता/पति स्व.यमन सिंह बघेल पता- पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, राकेश बघेल पिता/पति स्व.यमन सिंह बघेल पता- पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर रत्ना पिता/पति-स्व.यमन सिंह बघेल पता-पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर, अमित बघेल पिता/पति-स्व.यमन सिंह बघेल पता-पथरी खुड्मुडी तहसील धरसींवा जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 16/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अनिता साहू पति रमेश साहू निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 751/7 रकबा 0.020 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसील मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में दिनांक 01/07/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 16/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दोलेश्वरी साहू पिता धनाराम साहू निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 751/3 रकबा 0.020 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसील मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में दिनांक 01/07/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 16/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सामवती साहू पति हिरदेराम साहू निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 751/6 रकबा 0.021 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसील मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में दिनांक 01/07/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

17

सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को दिया ...

## एजुकेशन लाइव

## व्यापम की उपअभियंता सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत उपअभियंता सिविल एवं उप अभियंता विद्युत यांत्रिकी भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 13 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक परीक्षा केंद्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नंबर 2 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला कॉलेज शांतिनगर जगदलपुर तथा परीक्षा केंद्र क्रमांक 1703 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा नंबर 3 जगदलपुर में किया जाएगा। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा मोबाइल नंबर 99267-59295 को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा नंबर 2 जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 को समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा नंबर 2 जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को सहायक समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है।



### एसएससी जूनियर इंजीनियर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

इंजीनियर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। एसएससी की ओर से जारी किए गए एग्जाम कैलेंडर के मुताबिक 30 जून को जूनियर इंजीनियर (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल) परीक्षा 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी स्टार्ट कर दी गई, जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से कल से ही फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन की लास्ट डेट 21 जुलाई 2025 निर्धारित है।

### जेई पदों के लिए क्या है योग्यता

एसएससी जूनियर इंजीनियर भर्ती 2025 में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार बीई/ बीटेक/ संबंधित ट्रेड में इंजीनियरिंग डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा **CPWD & CWC** पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 32 वर्ष से ज्यादा एवं अन्य सभी पोस्ट के लिए 30 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना 1 अगस्त 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

## ऐसे डॉक्टर्स, जो मरीजों की सेवा को समझते हैं मानव धर्म

# डॉक्टरी सिर्फ पेशा नहीं मरीजों की जान बचाने की ड्यूटी भी, इसी जज्बे के साथ रिटायरमेंट के बावजूद सेवा जारी

**रायपुर।** आज के तकनीकी विकास ने चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन और उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं लोगों की बदलती लाइफ स्टाइल ने उन्हें विविध प्रकार की बीमारियों की गिरफ्त में ला दिया है। इस परिस्थिति में उन मरीजों के लिए उपचार, दवा का खर्च भारी बोझ बन जाता है। ऐसे मरीजों व उनके परिजनों के लिए धर्म सेवा की भावना से डॉक्टरी कर रहे डॉक्टर्स जीवन की उम्मीद की तरह होते हैं। आज के समय में ऐसे बिरले ही देखने को मिलते हैं कि कोई अस्पताल या डॉक्टर्स गंभीर रोग से ग्रसित मरीज की निशुल्क जांच, उपचार या दवा करते हों। ऐसे डॉक्टर्स वाकई में धरती पर भगवान के रूप कहे जाएंगे, जो मरीजों की बीमारी का इलाज निर्धारित मापदंडों, मानकों के आधार पर करते हुए उनको बीमारी से निजात दिलाते हैं, न कि बिल बढ़ाने के उद्देश्य से करते हैं। आज नेशनल डॉक्टर्स-डे पर हमारे आसपास ऐसे ही कुछ डॉक्टर्स हैं, जो पूरे जीवन डॉक्टरी को एक पेशे की तरह नहीं, बल्कि मानव सेवा धर्म समझकर करते आए हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टर्स पहले सरकारी संस्थानों के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में मानव सेवा किए, फिर रिटायरमेंट के बाद अपनी खुद की डिस्पेंसरी व अस्पताल खोलकर सैकड़ों मरीजों की डॉक्टरी पेशे से आगे मानव सेवा धर्म की मिसाल को स्थापित किए हैं।

नेशनल डाक्टर्स डे

**डॉक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है, क्योंकि एक मरीज की जिंदगी बचाने का हुनर उनके हाथ में होता है। जब मरीज को लेकर परिजन किसी डॉक्टर के पास जाता है तो उनके मन में यह आस दृढ़ होती है कि वे मरीज का उपचार कर उसके जीवन को सुरक्षित करेंगे। डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास तथा सेवा धर्म का एक व्यावहारिक रिश्ता होता है। कुछ डॉक्टर इसे अपने पेशे तक सीमित रखते हैं तो कुछ पेशे से ऊपर उठकर मरीजों की सेवा को ड्यूटी समझते हैं।**

आर्थिक तौर पर कमजोर मरीजों के लिए न फीस का बंधन न दवा-उपचार का बिल



### 50 रुपए फीस लेकर करते हैं ग्रामीणों का उपचार



75 वर्षीय डॉ. जोगीलाल श्रीवास्तव 2012 में सिविल डिसपेंसरी से रिटायरमेंट के बाद अब गांव में कान, नाक, गला, सर्दी, बुखार जैसे रोग से पीड़ित ग्रामीणों का दवा-उपचार मात्र 50 रुपए फीस लेकर करते हैं। ऐसे लोग जो अधिक आर्थिक परेशानी में हैं, उनका बिलकुल फ्री इलाज करते हैं व परामर्श देते हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 1975 में एमबीबीएस की डिग्री रायपुर से ली। इसके बाद बिलासपुर जिले की सिविल डिस्पेंसरी में कान, नाक, गला रोग चिकित्सक के तौर पर पोस्टिंग हुई। फिर पिथौरा में पोस्टिंग हुई, यहीं से रिटायरमेंट भी हो गया। जीवनभर चिकित्सा सेवा से जुड़े रहे तो रिटायरमेंट के बाद अपने गांव पिथौरा में ही बाकी की सेवा मानव धर्म के तौर पर करने का निर्णय लिया।

### 1994 में प्रदेश का एकमात्र यूरोलॉजिस्ट मरीजों की फ्री में करते हैं सर्जरी



शहर के जाने-माने यूरोलॉजिस्ट डॉ. ललित शाह अपने अस्पताल में आने वाले आर्थिक तौर से कमजोर ऐसे मरीज, जो गंभीर रूप से किडनी संबंधित रोग से पीड़ित होते हैं, उनकी फ्री में सर्जरी व उपचार करते हैं। उन्होंने नेशनल डॉक्टर्स डे पर हरिभूमि से बातचीत में बताया कि वे 1994 में प्रदेश के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट रहे हैं। उन्होंने 1983 में एमबीबीएस की डिग्री और फिर चंडीगढ़ पीजीआई से यूरोलॉजी में एमएस की पढ़ाई की। साथ ही यूरोलॉजी में एमसीएच की डिग्री लेने के बाद 1990 से 1994 तक हैदराबाद अपोलो अस्पताल में सेवा दी। फिर 1994 में शहर के समता कॉलोनी में खुद का अस्पताल शुरू किया। वे डॉक्टरी को पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा धर्म समझकर करते आए हैं।

### स्टेट मेडिकल सर्विस छोड़ ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों का कर रहे इलाज



शिशुरोग में एमबीबीएस, एमडी, डीसीएच डॉ. महेंद्र देवांगन अपने होमटाउन खरोरा में 1996 में अपने मां के नाम से आस्पताल शुरू किए हैं, जहां वे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवार के छोटे बच्चों की गंभीर व सामान्य बीमारियों का बिना फीस के उपचार कर रहे हैं। डॉ. देवांगन ने बताया कि वे 1976 बैच मेडिकल कॉलेज रायपुर के एमबीबीएस के स्टूडेंट्स रहे हैं। डिग्री हासिल करने के बाद 16 वर्ष तक स्टेट मेडिकल सर्विस में सेवा कर समय से पहले मानव सेवा धर्म की भावना से ही रिटायरमेंट लेकर अपने होमटाउन में शिशुरोग का उपचार करने का निर्णय किया।

## सिटी इवेंट

## 10 दिनों में सीखी संस्कृत दिनचर्या में करेंगे उपयोग



रायपुर। राजधानी में निशुल्क संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। संस्कृत भारती संगठन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ शहर के चार स्थानों पर निशुल्क संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें धाराप्रवाह संस्कृत बोलने एवं नित्य उपयोगी वस्तुओं के संस्कृत उच्चारण के लिए संस्कृत प्रेमियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं समेत सभी उम्र के लोगों को प्रशिक्षित किया गया। शिवोम विद्यापीठ रायपुरा के संचालक प्रणव शर्मा, प्राचार्य प्रीतु सिंह, उप प्राचार्य राजशेखर राव, डॉ. वैभव कान्हे, डॉ. प्रवीण झाड़ी समेत बड़ी संख्या मे शिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं ध्येय मंत्र, संस्कृत गीत, संभाषण, अनुभव कथन शिक्षार्थियों द्वारा किया गया। स्कूल संचालक प्रणव शर्मा एवं संस्कृत भारती के पक्ष से डॉ. प्रवीण झाड़ी का उद्बोधन हुआ। मंच संचालन शिक्षिका आरती एवं डॉ. वैभव कान्हे द्वारा किया गया।

### इन शहरों में हुआ आयोजन

प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी एवं संस्कृत भारती के प्रचार विभाग से जुड़े पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि यह संस्कृत प्रशिक्षण शिविर रायपुर में चार जगह आयोजित किया गया, जहां प्रशिक्षक डॉ. प्रवीण झाड़ी, डॉ. दिव्या देशपाण्डे, डॉ. बहुरण सिंह पटेल, डॉ. वैभव कान्हे, हेमंत साहू, पारस साहू द्वारा प्रतिदिन दो घंटे निशुल्क विशेष शैली के माध्यम से संस्कृत संभाषण सिखाया गया। उक्त स्थानों पर शामिल हुए सभी लोग अब अधिकतर वस्तुओं के संस्कृत नाम, धाराप्रवाह संस्कृत बोलना, पढ़ना, संस्कृत में गीत गाना, संस्कृत में परिचय, संस्कृत में अभिवादन सीख गए और आज समापन कार्यक्रम में अपने अनुभव संस्कृत में बोलकर बताए।

## थैलेसीमिया-सिकलसेल पीड़ितों को मदद देने ब्लड डोनेशन कैंप

**रायपुर।** शहर में रहने वाले थैलेसीमिया और सिकलसेल पीड़ितों को हर महीने लगने वाले ब्लड की जरूरत पूरी करने 2 जुलाई को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस एवं रोटरी क्लब ऑफ रॉयल, कोई अपना-सा हो, काश फाउंडेशन के साथ ही मिलकर अब नए थैलेसीमिया एवं सिकलसेल पीड़ित बच्चों को जहां जीवन मिलेगा, वहीं उनके माता-पिता की पीड़ा खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। फाफाडीह के रमन मंदिर वार्ड स्थित सचदेव धर्मशाला में इस आयोजन को बड़ा रूप देने की पहल की जा रही है। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक ब्लड डोनेशन कैंप संचालित करने के लिए मेगा कैम्प लगाने की तैयारी है। इसकी रूपरेखा मेंबर्स ने मीटिंग में तय की है। यह जानकारी सोमवार को पत्रकारवार्ता में आयोजक संस्था की प्रमुख काजल सचदेव ने दी। उन्होंने बताया कि जब आप निस्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं तो वह रक्त किसी ऐसे मासूम तक पहुंचता है। इसके बिना रोगी जिंदा नहीं रह सकता। तब वह सिर्फ रक्त नहीं, अमृत बन जाता है।

## एआई से जिंदगी स्मार्ट बनाने आकर्षा ने बताए उपयोगी टूल्स



**रायपुर।** रोटरी क्लब में सोमवार को एआई को लेकर विशेष सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें 16 वर्षीय युवा एंटरप्रेन्योर आकर्षा गोयल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक सत्र लिया। इस सेशन के दौरान आकर्षा ने बताया कि किस तरह आज का एआई हमारे दैनिक जीवन को सरल और प्रभावशाली बना सकता है। उन्होंने लाइव डेमो के साथ तीन उपयोगी एआई टूल्स साझा किए, जिनका इस्तेमाल प्रोफेशनल्स, स्टूडेंट्स और बिज़नेस पर्सन्स अपने रोजमर्रा के कार्यों में कर सकते हैं, जैसे कंटेंट तैयार करना, प्रेजेंटेशन बनाना और कार्यों को स्मार्ट तरीके से मैनेज करना। 30 से अधिक सदस्यों ने इस सेशन में सक्रिय रूप से भाग लिया और आकर्षा की स्पष्टता, आत्मविश्वास और गहरी जानकारी की सराहना की।

### प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए



रोटरी क्लब रायपुर के अध्यक्ष ने सेशन के बाद कहा कि इतनी कम उम्र में इतनी परिपक्वता और तकनीकी जागरूकता देखना वाकई प्रेरणादायक है। यह सेशन सभी के लिए आंखें खोलने वाला रहा और हम सबने कुछ नया सीखा। सेशन के अंतिम भाग में आकर्षा ने सभी प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए और सभी को प्रेरित किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समझें और उसका उपयोग अपनी जिंदगी को स्मार्ट बनाने के लिए करें।

## रोटेरियंस का महासंगम आज तीन राज्यों से जुटेंगे पदाधिकारी

रायपुर। रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ रोटेरियंस का महासंगम 1 जुलाई को होने जा रहा है। महासंगम में मंगलवार को तीन राज्यों के 100 से अधिक रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ रोटेरियंस शामिल होंगे। यह भव्य समागम तीन सत्रों में संपन्न होगा, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व ओडिशा के रोटेरियंस नई मित्रता के आगाज के साथ प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। साथ ही नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल के शपथग्रहण एवं पदहस्तांतरण के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने विशेष अतिथि के रूप में रोटरी के इंटरनेशनल के निदेशक एम. मुरुगनंदम प्रथम बार रायपुर आएंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। इसमें रोटरी क्लब रायपुर रॉयल के तत्वावधान में प्रथम चरण का आरंभ मित्रता का प्रशिक्षण सत्र में प्रात 10.30 बजे से छत्तीसगढ़ के रोटरी क्लब के नवमनोनीत अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को रोटरी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों द्वारा अपने अनुभव से आगमी रोटरी वर्ष में प्रभावी रूप कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश व ओडिशा के रोटेरियंस नई मित्रता के आगाज के साथ प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे

### नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का शपथग्रहण

अंतिम सत्र में रात्रि 8.30 बजे से नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल का भव्य शपथग्रहण आयोजित किया है, जो निवर्तमान रोटे. अखिल मिश्र से पदभार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक रोटे एम. मुरुगनंदम होंगे। इस भव्य आयोजन में राज्यों के 400 से अधिक रोटेरियंस, राजनैतिक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, और छत्तीसगढ़ के पत्रकारिता जगत की हस्तियां शामिल होंगी। यह आयोजन रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में आयोजित है। यह जानकारी नितिन जैन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मीडिया, रोटे. पंकज माहेश्वरी मीडिया को-चैयरमेन ने दी।

## रायपुर निगम के प्रवेश द्वार एवं अनुपम गार्डन के पास युवाओं को सेना के पराक्रम का एहसास कराने पहल

# स्कूली छात्र ने लिखा था राज्यपाल को पत्र, तब राजधानी में स्थापित की गई सेना के शौर्य की प्रतीक टैंक और तोप

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के अनुपम गार्डन के पास सेना का शौर्य प्रदर्शित करती कृतियों को आते-जाते लोग देखते तो हैं, लेकिन ये नहीं जानते कि इसके लिए किसने पहली बार प्रयास किया। जी हां, 2005 में स्कूल खुलते ही कालीबाड़ी के उच्चतर माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले छात्र सचिन खरे ने युवाओं को सेना के शौर्य और पराक्रम का एहसास कराने के लिए तत्कालीन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ को पत्र लिखा था। पत्र में जिक्र किया गया था कि छत्तीसगढ़ में युद्ध का कोई इतिहास नहीं रहा है। इसके चलते युवाओं को सेना से जोड़ने और प्रेरित करने के लिए प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों पर युद्ध में प्रयोग हुए टैंक और तोप को प्रदर्शित किया जाए। इससे युवाओं को सेना के पराक्रम का बोध होगा और जगह को भी खास लुक मिलेगा।



### भारत की पहली स्वदेशी टैंक को किया प्रदर्शित



12 जुलाई 2005 को पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ ने छात्र द्वारा लिखे गए पत्र और दिए गए सुझाव को लेकर स्कूल प्रबंधन को सचिन के नाम जवाब भेजा। इसमें उन्होंने छात्र की पॉजिटिव सोच का स्वागत करते हुए सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने पर जोर दिया। तब सेना के टैंक और तोप का प्रदर्शन हुआ। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग किए गए टैंक और तोप नहीं, भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक बनाने का भी प्रयास किया। जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन के पास 1971 के युद्ध में इस्तेमाल की गई विजयंत टैंक को लाने के बाद स्थापित किया गया। जो भारत में तैयार हुई पहली स्वदेशी टैंक है।

### तीन स्थानों पर सजा सेना के शौर्य का प्रतीक

सचिन खरे ने बताया कि अभी मैं आर्किटेक्ट के रूप में राज्य के विकास को मूर्त रूप देने के लिए काम करता हूं। जब पढ़ाई करता था, तब मुझे लगा था कि राजधानी में इस तरह का प्रयास युवाओं को प्रेरित करने को लेकर किया जा सकता है। मुझे पता था कि तत्कालीन राज्यपाल सेना से रिटायर्ड हैं। इसे देखते हुए ही पत्र लिखा और उसका जवाब तब प्रार्थना के बाद सभी को पढ़कर सुनाया गया था। इसके बाद 3 स्थानों पर टैंक, सेना का शौर्य, तोप और हवाई जहाज सजाया गया। निगम मुख्यालय में प्रवेश द्वार के पास एक तोप रखी गई। वहीं निगम गार्डन में ही हवाई जहाज को सेना से मंगाने के बाद लगाया गया।



### अनुपम गार्डन के पास गन थामे सेना के जवान

इन हथियारों को देखकर लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत होती है। शहर घूमने आने वाले लोग टैंक, तोप, हवाई जहाज और हाथों में गन ताने सीमा पर तैनात जवानों की कृतियों के पास खड़े होकर फोटो खिंचवाते और सेल्फी बनाते हैं। इसके बाद से अभी तक भारतीय सेना के पराक्रम को प्रदर्शित करने के लिए आगे पहल नहीं हुई। यह प्रदर्शन न केवल सेना के शौर्य को प्रकट करता है, बल्कि शहीद राजीव पांडेय जैसे सैनिकों की याद दिलाता है। शहीद राजीव पांडेय को वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

सिटी लाइव

# स्कूलों में प्रवेश उत्सव की धूम तिलक-पुष्प से किया स्वागत



रायपुर। शहर के स्कूलों में प्रवेश उत्सव का सीजन चल रहा है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, त्रिमूर्ति नगर में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसका उद्देश्य नए प्रवेशित छात्रों का स्वागत करना और शिक्षा के प्रति उनमें उत्साह उत्पन्न करना होता है। प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत में एनसीसी कैडेट द्वारा गेट से मंच तक एस्कॉर्ट हुआ। तत्पश्चात मंच पर सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। अतिथि का स्वागत प्राचार्या कीर्ति सोनी और वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप झा ने किया। स्वागत कार्यक्रम नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। उसके पश्चात कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं बोर्ड के जिन विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट स्थान प्राप्त किया है, उन्हें मेडल और प्रमाणपत्र दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को गणवेश व पुस्तकें वितरित की गईं। उत्कृष्ट पालकों का भी सम्मान किया गया।

### मां शारदा पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

काठाडीह रोड मठपुरैना स्थित मां शारदा हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू रहे। विधायक ने उद्बोधन में कहा कि प्रवेश का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालयों में आयोजित इस उत्सव में बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर आरडीए चेयरमैन नंदे साहू ,पार्षद सुषमा तिलक साहू, शाला प्रबंधन के चेयरमैन एसएन चौबे, संचालक राजेश चौबे, प्राचार्य डॉ. विनोद मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी सुधा अवस्थी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

● स्कूल खुलते ही युवाओं के एक दर्जन से ज्यादा ग्रुप कॉपी, स्टेशनरी, बैग बांटने की करने लगे तैयारी

# सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को दिया बैग, शिक्षा में सहयोग के लिए स्टेशनरी जुटाने लगाया बॉक्स

'हाईप्रोफाइल स्कूलों में पढ़ने वाले स्कूली विद्यार्थियों के बीच युवाओं के ग्रुप बॉक्स लगा रहे हैं। इसमें किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल, कलर बाक्स डोनेट करने के लिए प्रेरित किया जाता है। वहां एकत्र होने वाली सामग्री में युवा अपनी सहयोग राशि जमा करने के बाद हर साल सैकड़ों विद्यार्थियों को सरोकार व शिक्षा से जोड़ने की तैयारी करने लगे है। एक दर्जन से ज्यादा ऐसे युवाओं के ग्रुप शहर में हैं,जो आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता की मदद करने के लिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा सामग्री देने की तैयारी में हैं।'

रायपुर। शहर के युवा शिक्षा को लेकर अब काफी सजग हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वे अपने स्तर पर प्रयास भी करते हैं। इस सीजन में भी ऐसी संस्थाओं से जुड़े युवाओं ने कितने लोगों को स्टेशनरी देना है। इसमें जरूरी सामग्री कौन-कौन सी होगी, इसे किस तरह से जुटाने का प्रयास किया जाएगा। इसको लेकर प्रयास करने लगे हैं। कुछ संस्थाओं ने स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों के बीच दस्तक दे रहे हैं। कुछ युवाओं हाई-प्रोफाइल स्कूलों में बाक्स लगाए हैं, जिसमें वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी स्टेशनरी गिफ्ट करते हैं।सभी जगह से इसे जुटाने के बाद उनकी पैकिंग करने के बाद सरकारी स्कूलों में बांटने के लिए जाते हैं।कई युवाओं के ग्रुप ने इस बार कितने विद्यार्थियों की हेल्प करने का प्रयास होगा, इसको लेकर अभी भी सहमति बनाने में जुटे हैं।




### 50 विद्यार्थियों को वर्षभर देते हैं सामग्री

*इसी श्रृंखला से जुड़े सुधा सोसायटी फाउंडेशन के प्रमुख जीके भटनागर ने बताया कि अमलीडीह क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 50 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग के साथ ही उन्हें वर्षभर जरूरत की सभी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने में संस्था कई वर्षों से सहयोग कर रही है। भटनागर ने बताया कि बच्चों की शिक्षा को प्रमोट करने के लिए कई ऐसे युवा भी आते हैं, जो कोचिंग में निःशुल्क सेवा देते हैं। इस साल भी सभी विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री देने की तैयारी चल रही है। इसे लोगों के सहयोग से किया जाता है। इस वर्ष कितने लोगों को शिक्षा सामग्री दी जाएगी, इसको लेकर चर्चा की गई है।*

### स्कूली बच्चों को वितरित किए 100 बैग

*दिव्यांश फाउंडेशन से जुड़े मनीष राय, पवन यदु, वीरेंद्र कश्यप, गगन सिंग, मुकेश साहू, सूर्या और लाखन जायसवाल की पहल पर शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते व प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया। इसके साथ ही विद्यालय के सौ बच्चों को निःशुल्क बैग दिया गया। इससे बच्चों को आगे बढ़ने का उत्साह जगेगा। बच्चे अच्छे से मेहनत करें व आगे बढ़कर अपने विद्यालय और माता- पिता का नाम रोशन करें। फाउंडेशन के लोगों ने सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा देने की भावना से नए शिक्षा सत्र में भी सहयोग की भावना से काम करना शुरू किया है।*

### 10 हजार विद्यार्थियों को मदद देने का लक्ष्य

मानव उत्थान सेवा समिति हर साल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास करती है। समिति से जुड़े गणेश राम साहू ने बताया कि इस बार संस्था ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को स्टेशनरी, बैग, किताब-कॉपी को 10 हजार विद्यार्थियों तक पहुंचाने का इस बार लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार समिति ने 500 स्कूलों में दस्तक देने का निर्णय लिया है। इस काम को प्रदेशभर में फैले 2 हजार से ज्यादा युवा विंग के मेंबर्स द्वारा पूरा किया जाएगा।

### आगामी दिनों में मीटिंग के बाद लेंगे निर्णय

सिख समाज के अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि शिक्षा में सहयोग देने की पहल कई वर्षों से किया जा रहा है। इस साल भी सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए मुहिम भी चलाई जाएगी। इसके लिए सभी मेंबर्स को जानकारी दी गई है। आगामी दिनों में मीटिंग करने के बाद आगे की प्लानिंग पर काम किया जाएगा। 200 से ज्यादा विद्यार्थियों को सालभर जरूरत के लिहाज से शैक्षणिक सामग्री दी जाती है। वहीं पुनम पांडेय ने मित्र मंडली के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों में शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करेंगे।

# सच्चा साधु वही, जो हर परिस्थिति में समानता और समता धारण करे, ध्वज दंड के साथ निकली शोभायात्रा






रायपुर। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार को विद्यासागर महाराज का 58वां दीक्षा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान आर्यिका अंतर्मति माता एवं आर्यिका अनुग्रहमति माता का 34वां दीक्षा दिवस भी मनाया गया। सुबह 7.30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर नगर से शोभायात्रा एवं विद्याधर की बिनौली निकली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पटवा भवन पहुंची। शोभायात्रा में दौरान बैनर, दिव्य घोष, संदेश वाहक, ध्वज दंड, मंगल कलश के साथ आचार्यश्री विद्यासागर की तस्वीर रखी गई थी। इस दौरान जैन समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही वाद्ययंत्र, पंच परमेष्ठी के प्रतीकस्वरूप पांच बड़े ध्वज, फाफाडीह महिला मंडल का ध्वज, शंकर नगर महिला मंडल का ध्वज, टैगोर नगर महिला मंडल का ध्वज, मालवीय रोड महिला मंडल का ध्वज, लभांडी महिला मंडल का ध्वज, अशोका रतन-कचना मंदिर महिला मंडल का ध्वज, डीडीनगर महिला मंडल का ध्वज और चूड़ीलाइन महिला मंडल का ध्वज चल रहा था। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की ब्रह्मचर्य अवस्था के बाल रूप (विद्याधर) के रूप में उनके शिष्य ब्रह्मचारी सुनील भैयाजी एवं आचार्यश्री के ग्रहस्थ अवस्था के माता-पिता मां श्रीमंती एवं पिता मल्लप्पा के रूप में सोनल-मनीष जैन रायपुर ने शोभायात्रा में बग्घी में बैठकर शोभायात्रा की शान बढ़ाई।

### जीवन की हर परिस्थिति में समभाव रखें

*आचार्य भगवान की पूजन की गई और विशेष रूप से समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी सेवाओं के लिए विभिन्न लोगों का सम्मान किया गया, जिसमें मोनू जैन गोधा, रवि-संध्या जैन सेठी, रानू जैन, ललित जैन पटवा आदि शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने हेतु सकल दिगंबर जैन समाज ने अपना योगदान दिया, जिसमें मुख्य रूप से नवीन जैन मोदी, प्रियांक जैन, सौरभ जैन, आनंद जैन एवं टैगोर नगर दिगंबर जैन समाज तथा जैन युवा महासभा के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आयोजन को भव्य रूप दिया। आयोजन का सफल संचालन राजेश जैन रज्जन एवं प्रियांक जैन ने किया तथा विनोद जैन बड़जात्या के नेतृत्व में सकल दिगंबर जैन समाज ने माताजी ससंघ से रायपुर में चातुर्मास स्थापित करने हेतु निवेदन किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए 105 आर्यिका अंतर्मति माताजी ने कहा कि सच्चा साधु वही होता है, जो जीवन की हर परिस्थिति में समभाव रखे। चाहे शत्रु हो या मित्र, महल हो या श्मशान, जीवन हो या मृत्यु, वह समानता और समता के मार्ग पर अडिग रहता है।*

### दादाबाड़ी में कल होगा साध्वीश्री हंसकीर्ति का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

*मुनिश्री महेंद्र सागर महाराज, मुनिश्री मनीष सागर महाराज आदि ठाणा की पावन निश्रा में साध्वीश्री निपुणाजी की सुशिष्या साध्वीश्री हंसकीर्ति आदि ठाणा का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 2 जुलाई बुधवार को रायपुर में होगा। शुभ मंगल प्रवेश प्रातः 8.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी एमजी रोड तक चतुर्विध संघ के साथ निकाला जाएगा। नवकारसी की व्यवस्था महावीर भवन में रहेगी। मंगल प्रवेश के पश्चात जिन मंदिर दर्शन और धर्मसभा का आयोजन होगा। इसके उपरांत स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था प्रातः 11 बजे से दादाबाड़ी परिसर में रहेगी। प्रवचन श्रृंखला 9 जुलाई 2025 बुधवार से प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 9.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। सकल जैन संघ के सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि इस अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर जिनवाणी श्रवण का लाभ लें। शुभ मंगल प्रवेश सदर बाजार जैन मंदिर से श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी एमजी रोड रायपुर में रहेगा।*

# शदाणी दरबार में माता हासीदेवी का 199वां जन्मोत्सव 1 से

रायपुर। शिव अवतारी सतगुरुओं की संत परंपरा का भारतीय सनातन संस्कृति और सभ्यता का विश्वविख्यात केंद्र पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में 1, 2 एवं 3 जुलाई को पंचम ज्योति माता साहिब का 199वां अवतरण महोत्सव (जन्मोत्सव) बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं एवं भक्तों के कल्याणार्थ दरबार तीर्थ के नवम वर्तमान पीठाधीश्वर संत डॉ. युधिष्ठिरलाल के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह महोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने बताया कि इस अवसर पर सनातन धर्म की पवित्र नगरी काशी से स्वामी योगेश्वरानंद श्रीमद भागवत गीता पर अपना महत्वपूर्ण सारगर्भित प्रवचन, श्रद्धालुओं के कल्याणार्थ प्रतिदिन संध्या 5 से 8 बजे तक देंगे। मंगलवार 1 जुलाई को कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी गणेश पूजन, कलश पूजन, देव पूजन, गुरु पूजन एवं ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ ही सनातन के आधार पवित्र ग्रंथों श्रीमद भागवत गीता एवं श्री रामायण के पाठ आरंभ के साथ होगा।

काशी से आए स्वामी योगेश्वरानंद करेंगे श्रीमद भागवत गीता प्रवचन



प्रतिदिन आशादीवार, भजन कीर्तन, श्रीमद भागवत गीता पर प्रवचन की ज्ञानगंगा और भंडारा सतत जारी रहेगा। तृतीय दिवस 3 जुलाई को गुप्त नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर माता साहिब के 199वें जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें संत-महात्मा एवं विशिष्ट अतिथि, राजनीति व समाज के अग्रजनों की उपस्थिति में आयोजन की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा होगा।




# युवा बुनकरों का होगा सम्मेलन शपथ ग्रहण के बाद किया मंथन

रायपुर। छत्तीसगढ़ देवांगन कल्याण समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण पारंपरिक तौर से संपन्न हुआ। बिरगांव स्थित मां परमेश्वरी भवन में यह आयोजन किया गया। इस दौरान देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन मौजूद थे। देवांगन राज बिरगांव और मंडल के पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद कहा कि किसी संगठन को चलाने के लिए सबसे पहले अनुशासन की जरूरत पड़ती है। संगठन चलाना है तो अनुशासित रहना पड़ेगा, तब संगठन आगे बढ़ेगा। संगठन को चलाने के लिए समाज के मुखिया को भी मानना पड़ेगा। रायपुर जिले में जब देवांगन समाज का नाम आता है तो उनमें बिरगांव प्रमुख रहता है, क्योंकि बीरगांव में 95% समाज के सदस्य व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।




### समाज को आगे बढ़ने के लिए करेंगे प्रेरित

धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने बताया कि समाज द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। ऐसे में सभी का दायित्व है कि प्रदेश अध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर काम करते हुए और समाज को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाएं। यह भी मंथन हुआ कि आने वाले समय में समाज के उद्यमी युवा बुनकरों के लिए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा। इसमें सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के साथ ही बुनकरों के लिए कौन-सी योजनाएं चलाई जा रही हैं, इससे समाज के मेंबर्स को जानकारी दी जाएगी।











**खबर संक्षेप**



## शहीद एएसपी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सांसद बृजमोहन

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन रायपुर में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों से नागरिकों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज ने उनके प्रति गहन संवेदना जताते हुए सम्मान व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सरिता दुबे भी शामिल हुईं। इस दौरान अपने संबोधन में सांसद श्री अग्रवाल ने घोषणा की कि लाखेनगर चौक पर शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा न केवल शहीद के बलिदान की स्मृति को जीवित रखेगी, बल्कि युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित भी करेगी। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज रायपुर के अध्यक्ष राजकुमार बारबुधे ने शहीद के पिता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सभा में रायपुर के साथ-साथ समाज की अन्य इकाईयों से भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में पीएससी द्वारा सहायक संचालक उद्योग तथा प्रबंधक की परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जानी थी। बाद में तिथि परिवर्तन करते हुए 12 जुलाई को उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करने अधिसूचना जारी की गई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। रायपुर सहित अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर में केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी पीएससी की वेबसाइट से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# तीन साल पहले हुआ था विलंब से दाखिला, एक सेमेस्टर पीछे चल रहे 130 छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर के 130 छात्र ऐसे हैं, जो अपने बैच के छात्रों से एक सेमेस्टर पीछे चल रहे हैं। ये वे छात्र हैं, जिनका दाखिला विलंब से हुआ था।

पूर्व में इन छात्रों को पिछड़े हुए सेमेस्टर की पढ़ाई का समायोजन करने आश्वासन दिया गया था, लेकिन पाठ्यक्रम की आधे से अधिक अवधि बीतने के बाद भी छात्रों की पढ़ाई एडजस्ट नहीं की जा सकी है। छात्रों ने अब विरोध-प्रदर्शन करते हुए पिछड़ी हुई पढ़ाई समायोजित करने और उन्हें तय वक्त पर ही डिग्री देने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि यदि उनकी पढ़ाई तय वक्त पूरी नहीं हो पाती है तो वे प्रतियोगी परीक्षाओं सहित आगे की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### यह है मामला

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। इसकी कुछ सीटों पर प्रवेश इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टिट्यूट अर्थात आईसीएआर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा के आधार पर भी होता है। कोरोना काल में राष्ट्रीय स्तर पर एनटीए द्वारा ली जाने वाली इस परीक्षा में लगभग 6 माह का विलंब हुआ। परीक्षा में विलंब के चलते इंदिरा गांधी कृषि विवि सहित देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों में इस परीक्षा के जरिए दिए जाने वाले प्रवेश में देर हुई। अन्य विश्वविद्यालयों ने इस विलंब को अतिरिक्त कक्षाओं सहित अन्य माध्यमों से कवर कर दिया, लेकिन इंदिरा गांधी कृषि विवि यह नहीं कर सका। यहां सत्र 2022-23 में विलंब से प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों की पढ़ाई अब भी 6 माह की देर से चल रही है।

**शैक्षणिक सत्र 2022-23 का मामला, अन्य छात्रों संग डिग्री देने लामबंध हुए विद्यार्थी**




### वीडियो बनाने से रोका तो भड़के छात्र

कृषि विवि में होने वाले पिछले कुछ प्रदर्शनों में तनातनी की स्थिति निर्मित होती रही है। सोमवार को हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान भी छात्र उग्र हो गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों से वार्ता करने आए विवि अधिकारियों ने उन्हें फोटो लेने और वीडियो बनाने से रोका। इससे छात्र नाराज हो गए। इसके पश्चात कुलपति ने चर्चा के दौरान इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, चार वर्ष की डिग्री को साढ़े तीन साल में नहीं समेटा जा सकता, इसलिए बाकी सेमेस्टर को एडजस्ट कर छात्रों के कोर्स का समायोजन किया जाएगा, ताकि आगामी सेमेस्टर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। एनएसयूआई जिला सचिव शुभम शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सहित अजय वैष्णव, लोकेश, विकास सहित अन्य छात्र भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में अब सामने आ चुके 115 केस

# बारिश आते ही ताकतवर हुए मच्छर, बढ़ा डेंगू का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का मौसम और वातावरण में ठंडकता बढ़ने से छोटे नजर आने वाले मच्छर ताकतवर हो गए हैं। शाम होने के बाद घरों के भीतर भी उनकी सक्रियता बढ़ गई है। इससे मलेरिया और डेंगू का खतरा बढ़ गया है। प्रदेश में जनवरी से लेकर जून बीतने तक 115 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें से 13 पॉजिटिव रायपुर जिले से संबंधित हैं। मच्छर जनित रोग बढ़ने की आशंका पर इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता का अभियान भी शुरू किया है।

हरिभूमि सरोकार

डेंगू एक आम वायरस जनित संचारी रोग है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है और लोगों को अपना शिकार बनाता है। चूंकि बारिश का मौसम आ चुका है, जिससे खुले में पड़े सामान के साथ कूलरों में जल जमाव से मच्छरों के सोर्स रिडक्शन की संभावना अधिक होती है। इस पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला मितानिन और ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, महिला अरोग्य समिति के सदस्यों तथा समुदाय की भागीदारी से सफाई अभियान में जुटा हुआ है। जल जमाव नहीं होने के साथ संवेदनशील स्थानों पर टेमीफास नामक लार्वी साइड डालने का काम शुरू किया है। इसके लिए हर रविवार एक क्षेत्र चुनकर अभियान चलाने की तैयारी भी की जा रही है। भले रायपुर डेंगू और मलेरिया के लिए संवेदनशील ना हो, मगर यहां हर साल डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं और यहां के निजी अस्पतालों में दूसरे जिले के मरीज भी आकर अपना इलाज करवाते रहते हैं। जिला मलेरिया नियंत्रण अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक रायपुर जिले में डेंगू के 13 केस सामने आए हैं, वहीं दूसरे जिले में इसके 115 प्रकरण सामने आ चुके हैं। यह मौसम मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल है, इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**जनवरी से जून के बीच रायपुर जिले में 13 लोगों की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव**

**मच्छरों को पनपने से रोकने स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया जागरूकता अभियान**

### हो चुका है विवाद

डेंगू के मामले और निजी अस्पताल में इसके इलाज को लेकर कुछ साल पहले विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। उस दौरान निजी अस्पतालों ने डेंगू पॉजिटिव बताकर लोगों का थोक में इलाज किया था। बढ़ती संख्या को लेकर आपत्ति आई थी और किए गए क्लेम की जांच भी हुई थी। जांच के बाद कुछ अस्पतालों में डेंगू के इलाज के लिए गए क्लेम को रिजेक्ट भी किया गया था।



### बारिश में बढ़ जाते हैं मामले

बारिश का मौसम शुरू होते ही वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। मुख्य रूप से मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरण सामने आते हैं। रायपुर जिला मलेरिया की दृष्टि से कम इन्सीडेंस वाले जिलों में आता है, मगर डेंगू को लेकर विभाग सजग है।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ रायपुर

### शरीर में दर्द के साथ बुखार हो सकता है डेंगू

चिकित्सकों के अनुसार अचानक तेज बुखार आना और शरीर में दर्द का अहसास होना डेंगू के लक्षण हो सकते हैं। इसके साथ ही इस संक्रमण में गंभीर स्थिति होने पर नाक मुंह एवं मसूड़े से खून आने की शिकायत भी हो सकती है। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं, इसलिए पूरे बदन को ढंकने वाले कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए और रात में मच्छरदानी का उपयोग किया जाना चाहिए।

# शिक्षकों का हल्ला बोल आज, प्रदेश के 146 विकासखंडों में एक साथ प्रदर्शन

- चार सूत्रीय मांग को लेकर विकासखंड मुख्यालय में देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्ति युक्तकरण में गड़बड़ी सहित चार सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर में शिक्षक 1 जुलाई को छत्तीगसढ़ के 146 विकासखंडों में प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर यह प्रदर्शन प्रदेश के सभी विकासखंडों में एक साथ होगा। इसमें प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश को सेटअप 2008 को यथावत रखने सहित 4 सूत्रीय मांग में हस्तक्षेप करने पोस्टकार्ड अभियान शुरू करेंगे। सेटअप में छेड़छाड़ कर 46 हजार से अधिक पदों की कटौती करने और युक्ति युक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों से नाराज प्रदेशभर के शिक्षक 1 जुलाई को शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर प्रदेश के सभी विकासखंड कार्यालय के सामने शाला बहिष्कार कर धरना देंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे, राजनारायण द्विवेदी, मनीष मिश्रा, कृष्ण कुमार नवरंग ने संयुक्त रूप से कहा है कि सभी ब्लाक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीश को 4 सूत्रीय मांग के संबंध में पोस्टकार्ड लिखकर अवगत कराया जायेगा। विसंगतिपूर्ण युक्ति युक्तकरण को निरस्त कर प्रदेश के 1 लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवा गणना करते हएु पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ देने ओर अन्य मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच चरण बद्ध आंदोलन कर रहा है। इसके तहत दूसरे चरण में 1 जुलाई को प्रदेश के सभी 146 विकासखंडों में शिक्षक हल्ला बोलेंगे।

### एनएचएम कर्मचारी 10 जुलाई से करेंगे बेमियादी हड़ताल

*प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी अपने 10 सूत्रीय मांगो को लेकर 10 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। छत्तीगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात इस आशय का अल्टीमेटम दे दिया है। संघ के प्रांतीय सलाहकार हेमंत सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने संयुक्त रूप से बताया कि एनएचएम कर्मचारी अपने मांगों की अनदेखी से नाराज हैं। संविलयन और स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना और ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों से कर्मचारी भाग लेंगे। दो दशक से विषम परिस्थितियों में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों को बिना ग्रेड पे और बिना मेडिकल अवकाश के काम करना पड़ रहा है। आंदोलन में एनएचएम के क्लिनिकल कैडर और मैनेजमेंट कैडर के कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे।*

## छात्रवृत्ति अर्जी के लिए मिलेंगे 4 माह लड़कियों के लिए 50 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अपनी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। नई छात्रवृत्ति और नवीनीकरण दोनों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पहले तीन वर्षों के लिए छात्रवृत्ति राशि 1,000 रुपए प्रतिमाह होगी, जो 10 महीने के लिए दी जाएगी अर्थात सालाना 10,000 रुपए। चौथे और पांचवें वर्ष के लिए, यह राशि बढ़कर 2,000 रुपए प्रतिमाह हो जाएगी। इसके लिए छात्रों का 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। छात्र की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छात्र को एक साथ कोई अन्य छात्रवृत्ति नहीं मिलनी चाहिए। पारिवारिक आय 6 लाख प्रति वर्ष से कम होनी चाहिए। वहीं जिन छात्रों को अपनी छात्रवृत्ति का नवीनीकरण कराना है।

### जरूरी होगा सत्यापन

छात्रों को अपने आवेदन का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराना होगा। सीबीएसई छात्रवृत्ति योजना का लाभ स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों अध्ययनों के लिए आगामी पांच वर्षों तक उठाया जा सकता है। सीबीएसई छात्रवृत्ति नोटिस में छात्रों को निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने और संस्थानों द्वारा अपने आवेदनों को सत्यापित करने कहा है।

## वर्षों से जमे निगम के 9 सहायक राजस्व अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 9 सहायक राजस्व अधिकारियों के तबादले किये हैं। ये सभी सालों से एक ही जोन में जमे हुए थे और कुछ को लेकर राजस्व वसूली में शिकायतें मिल रही थीं। नगर निगम के विभिन्न जोनों में एक अरसे से कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारियों के जोन बदले गये हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के तहत फेरबदल की है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारी को लेकर राजस्व वसूली में शिकायतें मिल रही थीं। निगम के सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार जोन 1 के सहायक राजस्व अधिकारी नरेंद्र नायक को जोन 9 में, जोन 2 सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला को जोन 6 में जोन 3 की सहायक राजस्व अधिकारी प्रेमचंद दुबे को जोन 2, जोन 4 से सहायक राजस्व अधिकारी मनकूराम धीवर को जोन 3 में भेजा गया है। इसी तरह जोन 5 के गौरीशंकर अग्रवाल को जोन 10 में, जोन 6 से मनीष मरकाम को जोन 1 में ,जोन 7 के सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू को जोन 4, जोन 8 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव को जोन 5 में और जोन 9 के सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा को जोन 7 में जोन 10 सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल को जोन 8 में सहायक राजस्व अधिकारी पद नवीन पदस्थापना दी है। आयुक्त ने संबंधित सहायक राजस्व अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर कार्यभार ग्रहण करने कहा है।

## गलत रिपोर्ट बताने वाली प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट को किया बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दवा कार्पोरेशन ने भेजी अस्पतालों को चिट्ठी

गर्भधारण की जांच के लिए उपयोग किए जाने वाले डायग्नोस्टिक किट के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। किट की रिपोर्ट सही नहीं आ रही थी, जो गर्भवती महिलाओं की जोखिम का कारण बन सकती थी। सीजीएमएससी द्वारा आंबेडकर सहित तमाम सरकारी अस्पतालों को इस बारे में पत्र जारी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों से यह शिकायत आ रही थी कि रिकॉम्बिगिन लैबोरिटी प्राइवेट लिमिटेड से खरीदकर सीजीएमएससी द्वारा भेजी गई प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट जांच में सही रिपोर्ट नहीं दे रही है। कई केस में पॉजिटिव को निगेटिव और निगेटिव को पॉजिटिव बताया जा रहा है, जो गर्भधारण करने वाली महिलाओं के लिए जोखिम का कारण बन सकता है। लगातार शिकायतों के बाद स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा इसे दवा कार्पोरेशन के अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। शिकायत के आधार पर प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों में इसके उपयोग पर रोक लगाने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस एवं कार्पोरेशन द्वारा बैच क्रमांक आरएल 2407004 के स्टाक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। किट की रिपोर्ट सही नहीं होने की जांच कराई जा रही है, जिसके बाद आगे का एक्शन लिया जाएगा।






**बिजनेस साइट**

## गणेश विनायक फाउंडेशन का रूरल आई हेल्थ प्रोग्राम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन इन चुनौतियों के बीच श्री गणेश विनायक फाउंडेशन एक नई आशा की किरण बनकर उभरा है। संस्था द्वारा चलाए जा रहे रूरल आई हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत हर साल निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2024-25 में फाउंडेशन ने उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान कुल 48812 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 3889 मोतियाबिंद सर्जरी भी निशुल्क की गई। साथ ही 312 जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। इन शिविरों की खास बात यह है कि ये राज्य के उन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचते हैं, जहां चिकित्सा की आधुनिक सुविधाएं दुर्लभ हैं। अंधकार से जूझ रहे हजारों ग्रामीणों के लिए यह संस्था आज एक जीवंत मसीहा बन चुकी है।



- ग्रामीण छत्तीसगढ़ में अंधकार का अंत और रोशनी का सवेरा : श्री गणेश फाउंडेशन

## शिक्षाविद-मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा का किया अभिनंदन



- छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का आयोजन

**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशकों से सतत सेवा दे रहे शिक्षाविद एवं प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा का छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा भव्य रूप से अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम जेडी डागा स्कूल परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि विजय चोपड़ा शिक्षा जगत में एक प्रेरणाश्रोत रहे हैं। उनका 30 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से शिक्षा की अलख जगाना, वास्तव में एक मिसाल है। यह सम्मान उनके समर्पण व सेवा को नमन है।

## चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने की स्वास्थ्य आयुक्त से मुलाकात



**रायपुर।** चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला (आईएएस) से मुलाकात कर चिकित्सकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लम्बित भुगतान, पैकेज दरें तथा नर्सिंग होम्स की चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ. शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत लम्बित भुगतान की प्रक्रिया अगले 10 दिनों के भीतर पुनः आरंभ कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पैकेज दरों को लेकर एक औपचारिक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाए, ताकि उस पर औपचारिक कार्यवाही शुरू की जा सके। इस बैठक में डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. दान सिंह एवं डॉ. शैलेंद्र उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।






राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

GLOBAL STAR HOSPITAL

जहाँ हर जीवन है अनमोल

अनुभवी विशेषज्ञों की टीम, अत्याधुनिक तकनीक और बेहतरीन सुविधाओं के साथ, हम आपके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हर पल हैं तैयार।

डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं

**डॉ. जयवर्धन सिंह**
MBBS, M.S. (Ortho)
एफ.जे.आर.एस. हड्डी एवं जोड प्रत्यारोपण सर्जन

**डॉ. प्रकाश अग्रवाल**
MBBS, M.S. (Ortho)
ऑर्थोपेडिक एवं ट्रामा विशेषज्ञ

**डॉ. बिशाल बादल मोहंती**
जनरल एवं लेपरोस्कोपिक सर्जन
MBBS, DNB (General Surgery)
Laparoscopic and General Surgeon

**डॉ. (विंग कमांडर) शेखर डोरले**
जनरल मेडिसिन
MD Medicine (AFMC Pune)

**डॉ. अमित शुक्ला**
MBBS, Dr NB Neurosurgery
मिनिमल इनवेसिव न्यूरो और स्पाइन सर्जन शिशु चिकित्सा न्यूरोसर्जन, स्ट्रोक विशेषज्ञ

**डॉ. अभिषेक सिंह**
MBBS, MD, IDCLM
क्रिटिकल केयर फिजिशियन और एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, ईसीएमओ स्पेशलिस्ट

**डॉ. सुरेश रजवाड़े**
एनेस्थीसिया विशेषज्ञ
MD (Anesthesiology and Critical Care )

**डॉ. कृतिका (किट्टी) अग्रवाल**
दंत रोग विशेषज्ञ
आरसीटी विशेषज्ञ

**डॉ. सोनल बघेल**
मेडिकल गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट
MBBS, एमडी (जनरल मेडिसिन)
डीएम (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी)

**डॉ. देवव्रत दुबे**
MBBS, एम डी रेडिओ डायग्नोस्टिक

**सेवाएं उपलब्ध**

- ट्रॉमा सर्जरी एवं आपातकाल
- अस्थि रोग चिकित्सा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- किडनी रोग एवं डायलिसिस विंग
- मूत्र रोग एवं पथरी का ईलाज
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी
- न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
- सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- स्त्री रोग एवं प्रसुति की सुविधा
- शिशु रोग चिकित्सा विभाग
- दंत रोग चिकित्सा विभाग




150 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

**ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल**
0771-3104444/45

दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड -1, डी मार्ट के पास, रायपुर (छ.ग.)

Embassy

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025
haribhoomi.com



# "धरती पर ईश्वर का रूप हमारे डॉक्टर"

प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता में चिकित्सकों को अत्यधिक सम्मान प्राप्त रहा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने आयुर्वेद जैसे चिकित्सा विज्ञान की नींव रखी और मानव कल्याण को सर्वोपरि रखा। आज के आधुनिक युग में, डॉक्टरों ने विज्ञान और तकनीक के सहारे चिकित्सा को नए आयामों तक पहुंचाया है। भारत में हर वर्ष 1 जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है, जो समर्पित है उन निस्वार्थ योद्धाओं को जो दिन-रात हमारे स्वास्थ्य की रक्षा में जुटे रहते हैं।

## डॉक्टर्स डे का इतिहास

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस भारत में 1991 से मनाया जा रहा है। यह दिन भारत के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में समर्पित है, जिनका जन्म और निधन दोनों ही 1 जुलाई को हुआ था। डॉ. रॉय एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और सामाजिक सुधारक भी थे। उन्हें 1961 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

## डॉक्टर - एक जीवनदाता

एक डॉक्टर का कार्य केवल इलाज तक सीमित नहीं होता, वह अपने मरीज को जीवनदान देता है। जब कोई व्यक्ति असहाय अवस्था में डॉक्टर के पास पहुंचता है, तो उसकी सबसे बड़ी उम्मीद होता है—₹डॉक्टर उसे ठीक कर देगा₹। यह भरोसा वर्षों के अनुभव, ज्ञान और सेवा भावना से आता है।कोरोना महामारी ने एक बार फिर यह साबित किया कि डॉक्टर समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं। जब लोग अपने घरों में बंद थे, तब डॉक्टर, नर्सें और स्वास्थ्यकर्मी जान की परवाह किए बिना अस्पतालों में काम कर रहे थे। उन्होंने केवल मरीजों का इलाज ही नहीं किया, बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाया।

## डॉक्टर का जीवन - संघर्ष और समर्पण

डॉक्टर बनने की राह आसान नहीं होती। एक छात्र को पहले मेडिकल एंट्रेंस की कठिन परीक्षा पास करनी होती है, फिर 5-6 वर्षों की कठोर पढ़ाई, इंटर्नशिप, और विशेष प्रशिक्षण के दौर से गुजरना होता है। इसके बाद भी उन्हें लगातार अपने ज्ञान को अपडेट करना होता है, क्योंकि चिकित्सा विज्ञान निरंतर विकसित हो रहा है।

इसके अलावा डॉक्टरों को दिन-रात की ड्यूटी, इमरजेंसी कॉल, ऑपरेशन थियेटर का दबाव, और रोगियों के साथ भावनात्मक संतुलन बनाए रखना होता है। फिर भी वे मुस्कुराते हुए हर मरीज का इलाज करते हैं।

## चिकित्सा सेवा - एक पुण्य कार्य

चिकित्सा सेवा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सबसे श्रेष्ठ सेवा है। डॉक्टर वह व्यक्ति है जो धर्म, जाति, भाषा या वर्ग को नहीं देखता—वह केवल मरीज को देखता है। उसकी प्राथमिकता होती है—रोगी का जीवन बचाना।

भारत में आज भी लाखों लोग गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा से वंचित हैं। ऐसे में जो डॉक्टर इन क्षेत्रों में जाकर सेवा करते हैं, वे सच्चे नायक होते हैं। कुछ डॉक्टर मुफ्त शिविरों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराते हैं, यह समाज के प्रति उनका योगदान अद्वितीय होता है।

## डॉक्टरों की वर्तमान चुनौतियाँ

बढ़ती जनसंख्या, नई-नई बीमारियाँ, तकनीकी बदलाव और समाज की बढ़ती अपेक्षाएं डॉक्टरों के लिए कई नई चुनौतियां लेकर आई हैं। उनके सामने अनेक समस्याएं हैं:

1. अत्यधिक कार्यभार और तनाव
2. सरकारी तंत्र की जटिलताएं और सुविधाओं की कमी
3. मरीजों और उनके परिजनों की असंवेदनशीलता व कभी-कभी हिंसक व्यवहार
4. चिकित्सकों पर होने वाली कानूनी कार्यवाहियां
5. निजी अस्पतालों पर व्यावसायिक दबाव

इन सबके बावजूद डॉक्टर बिना थके, बिना रुके अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं।



## डॉक्टर्स डे का महत्व

डॉक्टर्स डे उन सभी डॉक्टरों को धन्यवाद देने का अवसर है, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित किया है। इस दिन अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं:

डॉक्टरों को सम्मानित किया जाता है
मरीजों द्वारा आभार पत्र और फूल भेंट किए जाते हैं
मेडिकल सेमिनार और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित होते हैं
समाचार पत्रों और न्यूज़ पोर्टलों में विशेष लेख प्रकाशित होते हैं
यह दिन समाज और डॉक्टरों के बीच रिश्ते को और मजबूत करता है।

## हमारी जिम्मेदारी

हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि हम डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। हमें यह समझना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान हैं, वे मशीन नहीं हैं। उनके भी परिवार, भावनाएं और सीमाएं होती हैं। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी स्थिति में उनके साथ अभद्रता या हिंसा न हो।

इसके अलावा, हमें अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखना चाहिए, समय पर जांच करानी चाहिए, और डॉक्टरों द्वारा दी गई सलाह का पालन करना चाहिए, ताकि हम स्वयं भी बीमारियों से बचें और समाज को स्वस्थ बनाए रखें।






राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल Nirakar Multispeciality Hospital

3rd YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
3 साल से आपकी सेवा में तत्पर

# निराकार
# मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

## रखें आपके सेहत का ख्याल




### सुविधाएं

- मेडिसिन विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- यूरोलॉजी
- सामान्य एवं सिजेरियन डिलिवरी
- एक्स-रे एवं सोनोग्राफी सुविधा
- स्त्री रोग विभाग
- छाती रोग विभाग
- फिजियोथैरेपी
- बच्चों का वेक्सीनेशन किया जाता है।
- शिशु रोग विभाग
- हृदय रोग विभाग
- दंत चिकित्सक
- ई.सी.जी. एवं इको कार्डियोग्राफी सुविधा
- न्यूरोलॉजी विभाग
- जनरल सर्जरी
- नेब्यूलाजर सुविधा
- एवं सभी जनरल सर्जरी

पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध



डॉ. एल.के. निर्मलकर
(चेयरमैन)



डॉ. गोविंद पाल
MBBS, MD (Gereral Medicine)
विशेषज्ञ - मधुमेह, उच्च रक्तचाप




OPD Free

24/7 EMERGENCY SERVICES

अभी अपॉइंटमेंट बुक करायें 077131 33896, 70008-61063, 9893123911, 77470-06355

पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

0771-3133896 +91 6264070071, 98932 99953 nirakarmaltispecialityhospital@gmail.com

# कैंसर का संपूर्ण इलाज

## ऑन्कोलॉजी की आधुनिक विधियाँ: कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी के माध्यम से कैंसर पर विजय की ओर

कैंसर, आज के समय की सबसे गंभीर और चनौतीपर्ण बीमारियों में से एक है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर के किसी भाग की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढने लगती हैं और आस-पास के ऊतकों को प्रभावित करने लगती हैं। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह शरीर के अन्य भागों में फैलकर जानलेवा साबित हो सकती है।

हालांकि यह बीमारी भयावह मानी जाती है, लेकिन पिछले कछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान की उन्नति और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अथक मेहनत से कैंसर के इलाज के कई प्रभावशाली विकल्प सामने आए हैं। अब यह बीमारी लाइलाज नहीं रही। यदि सही समय पर निदान और उचित उपचार मिल जाए, तो लाखों लोगों को नई जिंदगी दी जा सकती है।

### कैंसर विशेषज्ञ – ऑन्कोलॉजिस्ट की भूमिका

कैंसर के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं 'ऑन्कोलॉजिस्ट' यानी कैंसर विशेषज्ञ। यह डॉक्टर कैंसर के प्रकार, अवस्था (stage), रोगी की शारीरिक स्थिति और चिकित्सा पद्धति के अनुसार संपूर्ण उपचार की योजना बनाते हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट विभिन्न प्रकार के होते हैं:

मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट – जो कीमोथेरेपी व अन्य दवाओं से इलाज करते हैं।सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट – जो सर्जरी के माध्यम से ट्यूमर को निकालते हैं।रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट – जो रेडिएशन थेरेपी के माध्यम से कैंसर की कोशिकाएं नष्ट करते हैं।

ये तीनों विशेषज्ञ मिलकर एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के रूप में मरीज को सर्वोत्तम इलाज प्रदान करते हैं।

### कीमोथेरेपी – कैंसर पर दवा का हमला

कीमोथेरेपी कैंसर का सबसे प्रचलित और प्रभावशाली इलाज है, जिसमें विशेष प्रकार की दवाएं मरीज को दी जाती हैं। ये दवाएं कैंसर की कोशिकाओं को नष्ट करती हैं या उनकी वृद्धि को रोकती हैं।

कीमोथेरेपी कैसे काम करती है: यह शरीर में तेजी से बढ़ने वाली कोशिकाओं को निशाना बनाती है। इसे ड्रिप, इंजेक्शन या टैबलेट के रूप में दिया जाता है। कभी-कभी इसे सर्जरी या रेडिएशन के साथ मिलाकर दिया जाता है, जिससे परिणाम और बेहतर होते हैं। कीमोथेरेपी के आम साइड इफेक्ट्स में बालों का झड़ना, थकान, मतली, कमजोरी आदि हो सकते हैं, लेकिन ये सामान्य हैं और डॉक्टरों की सलाह से नियंत्रित किए जा सकते हैं। आजकल टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे विकल्पों से कीमोथेरेपी और भी सुरक्षित और असरदार हो गई है।

### रेडिएशन थेरेपी (सेंकाई) – विकिरण से कैंसर का सफाया

रेडिएशन थेरेपी में उच्च ऊर्जा किरणों (जैसे X-rays या प्रोटॉन) का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। यह विशेष रूप से उन मामलों में उपयोगी होती है जहां ट्यूमर किसी एक स्थान पर सीमित होता है।

**मुख्य विशेषताएं:** यह एक दर्द रहित प्रक्रिया है।

इसे बाहर से मशीन द्वारा दिया जाता है (External Beam Radiation) या अंदर से रेडियोएक्टिव स्रोत से (Brachytherapy)।

इसका उपयोग सर्जरी से पहले ट्यूमर को छोटा करने या सर्जरी के बाद बचे हुए कैंसर को समाप्त करने के लिए किया जाता है।

रेडिएशन थेरेपी की अवधि आमतौर पर कुछ हफ्तों की होती है और इसका असर धीरे-धीरे दिखाई देता है। कुछ मरीजों को थकावट, त्वचा में जलन या हल्का बुखार महसूस हो सकता है, जो अस्थायी होते हैं।




### सर्जरी – ट्यूमर को शरीर से हटाना

जब कैंसर किसी एक भाग में सीमित हो, तो सर्जरी द्वारा ट्यूमर को पूरी तरह निकाला जा सकता है। यह इलाज की सबसे प्राचीन और सफल पद्धति मानी जाती है।

सर्जरी की आवश्यकता कब होती है:

जब ट्यूमर सीमित हो और फैलाव न हुआ हो।

जब अन्य इलाजों से पहले ट्यूमर को हटाना ज़रूरी हो।

कुछ मामलों में सर्जरी केवल निदान या बायोप्सी के लिए भी की जाती है।

आजकल रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की मदद से ऑपरेशन को कम चीरा लगाकर, कम खून बहाव और तेजी से रिकवरी के साथ किया जाता है।

### अन्य उन्नत तकनीकें – भविष्य की आशा

कैंसर चिकित्सा में निरंतर अनुसंधान और तकनीकी प्रगति हो रही है। आज डॉक्टरों के पास कई उन्नत विकल्प हैं, जैसे:

**टार्गेटेड थेरेपी –** केवल कैंसर कोशिकाओं पर असर डालती है, सामान्य कोशिकाओं को नहीं।

**इम्यूनोथेरेपी –** शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को इतना मजबूत बनाती है कि वह खुद कैंसर से लड़ सके। हार्मोन थेरेपी – विशेष प्रकार के कैंसर (जैसे ब्रेस्ट या प्रोस्टेट) के लिए उपयोगी।इन विकल्पों से इलाज अब और अधिक व्यक्तिगत, प्रभावी और सुरक्षित हो गया है।

### कैंसर का इलाज कब सफल होता है?

कैंसर का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी कितनी जल्दी पहचान ली गई और इलाज कितनी जल्दी शुरू हुआ। यदि कैंसर प्रारंभिक अवस्था (Stage 1 या 2) में पकड़ा जाए, तो इसका इलाज पूर्ण रूप से संभव होता है।

इलाज की सफलता के लिए ज़रूरी है:

नियमित जांच और स्क्रीनिंग

जागरूकता और समय पर लक्षणों की पहचान

अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट से परामर्शधैर्य और परिवार का समर्थन

मरीज की इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच भी इलाज में चमत्कारिक भूमिका निभाती है।

### समाज की भूमिका – जागरूकता से ही बचाव

कैंसर केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार और समाज की परीक्षा होती है। ऐसे में समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है:

नियमित कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करें।

धूम्रपान, शराब और जंक फूड से दूर रहें।

फल, सब्जियां, योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

कैंसर रोगियों को सामाजिक सहयोग और भावनात्मक समर्थन दें।



करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर सुनकर, हार न माने हौसला बुलंद रखें

कैंसर विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट) के रूप में हमें हर दिन उन वीरों का साथ मिलता है, जो साहस और उम्मीद से जीवन की लड़ाई लड़ते हैं।
डॉक्टर्स डे
पर दिल से धन्यवाद-आपके विश्वास और सहयोग के लिए।
कैंसर का इलाज सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ
कीमोथेरेपी
आधुनिक तकनीक से उपचार
डॉ. प्रशांत कसेर
कैंसर एवं कीमोथेरेपी विशेषज्ञ
मेडिकल डायरेक्टर
करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर
रेडिएशन (सेकाई)
कैंसर विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ. नीलम लदेर
कैंसर रोग विशेषज्ञ, मेडिकल डायरेक्टर
करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल,रायपुर
सर्जरी
सर्व-सुविधा युक्त कैंसर वार्ड
डॉ. शैलेंद्र देवांगन
ऑंको फिजयोथेरेपिस्ट
करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल, अरबिंदो नेत्रालय के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर
62321 43778, 0771 4280003 | karunashricancerhospital